

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



तेहरान के लिए 15 रातें नहीं ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 301 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## आज केदारनाथ जाएंगे पीएम मोदी, वहां पूजा-अर्चना करेंगे

नई दिल्ली। विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा और पहल करने के लिए पीएम मोदी कल केदारनाथ जाएंगे। केदारनाथ में शुक्रवार को कुछ सड़कों और हेमकुंड साहिब रोपवे का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा से पहले तैयारियां जोरों पर हैं। बद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के प्रधान पुजारी गंगा धर लिंग ने कहा, श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले यहां केदारनाथ में तैयारी जोरों पर है। पीएम मोदी कल सुबह केदारनाथ में पूजा–अर्चना करने के साथ ही यहां विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।




उन्होंने आगे कहा कि 2013 के भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ आपदा के बाद पर्यटन में वृद्धि हुई है। आपदा के बाद, तीर्थयात्रियों में काफी वृद्धि हुई है। हाल ही में, लगभग 15 लाख लोगों ने केदारनाथ धाम का दौरा किया। सड़कों के निर्माण के कारण, भक्तों के लिए तीर्थ की ओर चढ़ाई करना और आसानी से वापस उतरना बहुत आसान होगा।

## हिमाचल में कांग्रेस के लिए प्रचार की कमान संभालेंगी प्रियंका, राहुल के एक रैली में शामिल होने की उम्मीद

शिमला। हिमाचल प्रदेश की 68 सीटों पर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। हिमाचल प्रदेश में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहा है। हालांकि, आम आदमी पार्टी के आने से यहां के चुनाव दिलचस्प हो गए हैं। इन सबके बीच हिमाचल में सत्ता में आने की उम्मीद कर रही कांग्रेस पूरी ताकत से चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। हालांकि, कांग्रेस के लिए स्टार प्रचारक की सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। लेकिन सूत्रों का दावा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रचार का जिम्मा संभालेंगी। जानकारी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रियंका गांधी 31 अक्टूबर से प्रचार की शुरुआत करेंगी।



अपने प्रचार के दौरान वे रोडशो और जनसभाएं भी करेंगी। 31 अक्टूबर को प्रियंका गांधी मंडी और कुल्लू जिला का दौरा कर सकतीं हैं। इसके अलावा 3 नवंबर को कांगड़ा और चंबा में वह चुनाव प्रचार के लिए जाएंगी। सूत्रों ने बताया है कि 7 नवंबर को प्रियंका गांधी हमीरपुर और ऊना में भी रैली करेंगी। चुनाव प्रचार के आखिरी चरणों में प्रियंका गांधी शिमला और सिरमौर का भी दौरा करेंगी। सूत्रों ने दावा किया है कि भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी भी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार कर सकते हैं। राहुल गांधी के एक रैली में शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, आनंद शर्मा, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल जैसे नेता भी कांग्रेस के लिए हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार करते दिखाई दे सकते हैं।

इससे पहले 14 अक्टूबर को प्रियंका गांधी ने हिमाचल के सोलन में एक रैली को संबोधित किया था। उस रैली को परिवर्तन प्रतिज्ञा रैली का नाम दिया गया था। आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश में 68 सीटों पर 12 नवंबर को मतदान होंगे जबकि हिमाचल के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे। हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार है। हिमाचल के इतिहास को देखें तो वहां हर 5 साल में सत्ता परिवर्तन होता रहा है। ऐसे में कांग्रेस को इस बार उम्मीद है कि हिमाचल में उसे सत्ता मिल सकती हैं। हालांकि, कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि उसका चेहरा कौन होगा। हिमाचल प्रदेश का यह पहला चुनाव है जो वीरभद्र सिंह के बगैर हो रहा है।

## आप पर अमित शाह का प्रहार– लोगों को बार–बार गुमराह नहीं किया जा सकता

### जनता को विज्ञापन और विकास में चुनना होगा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी जबरदस्त तरीके से भाजपा पर प्रहार कर रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी पर आप अमित शाह ने पलटवार किया है। अमित शाह ने दावा किया कि दिल्ली सरकार निगमों का बकाया राशि नहीं दे रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बार–बार जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता है। जनता को विज्ञापन और विकास में चुनाव करना होगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता को निर्भर बनाना चाहती है। गृह मंत्री अमित शाह एमसीडी के तहखंड कचरे से ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि यह संयंत्र प्रतिदिन लगभग 2000 मीट्रिक टन कचरे का प्रबंधन करेगा जिसके साथ ही इस संयंत्र द्वारा 25 मेगावाट हरित ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। यह एक बहुआयामी, बहुउद्देश्यीय संयंत्र है। इसके साथ ही अमित शाह ने दावा किया कि विज्ञापन से भ्रमित करने की कोशिश लगातार की जाती है।




उन्होंने कहा कि एमसीडी चुनाव में भाजपा एक बार फिर से वापसी करेगी। उन्होंने आप सरकार पर एमसीडी के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों को तय करना है कि उन्हें श्विज्ञानश (विज्ञापन) की राजनीति पसंद है या शविकासश की राजनीति। लोगों को यह भी तय करना चाहिए कि उन्हें श्प्रचारश (अभियान) की राजनीति पसंद है या श्परिवर्तनश की राजनीति। अमित शाह ने कहा कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल रोजाना प्रेस स्टेटमेंट देते हैं और बड़े विज्ञापन प्रकाशित करते हैं। उन्हें लगता है कि प्रेस साक्षात्कार विकास लाएगा और विज्ञापन प्रकाशित करके लोगों को गुमराह किया जा सकता है। आप दिल्ली को श्आपनिर्भारश बनाना चाहती हैं जबकि हम दिल्ली को श्आत्मनिर्भरश बनाना चाहते हैं।

## पैरोल पर जेल से बाहर आते ही राम रहीम ने किया ऑनलाइन सत्संग, नेताओं की लगी लाइन, हरियाणा में मचा सियासी हंगामा

हरियाणा के सुनारिया जेल से 40 दिन के पैरोल पर रिहा हुए बलात्कार के दोषी डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन श्सत्संगश में रनाल पंचायती चुनाव में खड़े उम्मीदवारों और बीजेपी के कई नेताओं ने हिस्सा लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस कार्यक्रम में करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता समेत बीजेपी के कई नेता शामिल हुए। राम रहीम ने उत्तर प्रदेश में अपने बागपत स्थित आश्रम से ऑनलाइन सत्संग को संबोधित किया। बलात्कार और हत्या के दोषी स्वयंभू बाबा से आशीर्वाद लेने के लिए करनाल के मेयर का एक वीडियो सामने आने के तुरंत बाद, विपक्ष ने भाजपा की खिंचाई की और आरोप लगाया कि हरियाणा में आगामी उपचुनाव और पंचायत चुनावों को प्रभावित करने के लिए राम रहीम को पैरोल दी गई। वायरल वीडियो में रेणु बाला को उपचुनाव का जिक्र करते और राम रहीम को राज्य में आमंत्रित करते हुए सुना जा सकता है।



करनाल मेयर के कार्यक्रम में दोषी धर्मगुरु को श्पिजातीश (पिता) कहा जाने लगा। रेणु बाला के अलावा उप महापौर नवीन कुमार और वरिष्ठ उप महापौर राजेश अग्गी सहित अन्य नेता भी चुनाव के उम्मीदवारों के अलावा ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में अपनी भागीदारी का बचाव करते हुए वरिष्ठ उप महापौर ने कहा कि उन्हें श्साध संगतश से सत्संग में आमंत्रित किया गया था ष्मेरे वार्ड में कई लोग राम रहीम से जुड़े हुए हैं। हम सामाजिक संबंध से कार्यक्रम में पहुंचे और इसका भाजपा और हरियाणा में आगामी उपचुनाव से कोई लेना–देना नहीं है। गौरतलब है कि हरियाणा में आदमपुर विधानसभा सीट पर 3 नवंबर को उपचुनाव होना है। राज्य के नौ जिलों में 9 और 12 नवंबर को पंचायत चुनाव भी होंगे। राम रहीम सिरसा स्थित अपने आश्रम में अपनी दो महिला शिष्यों से बलात्कार के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है, जहां डेरा मुख्यालय है। पंचकूला में अगस्त, 2017 में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने स्वयंभू बाबा को दोषी ठहराया था। 2021 में राम रहीम, चार अन्य लोगों के साथ, 2002 में डेरा प्रबंधक रंजीत सिंह को मारने की साजिश के लिए भी दोषी ठहराया गया था। उन्हें 2019 में 16 साल से अधिक समय पहले एक पत्रकार की हत्या के लिए भी दोषी ठहराया गया था।

## प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में युवक एवं महिला मंगल दलों के शत–प्रतिशत गठन के निर्देश

लखनऊ (आरएनएस)। अपर मुख्य सचिव एवं महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल नवनीत सहगल ने प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में युवक एवं महिला मंगल दलों के शत–प्रतिशत गठन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इन मंगल दलों को आर्थिक गतिविधियों से भी जोड़ा जाए, ताकि मंगल दल के युवा रोजगार की तलाश के स्थान पर स्वरोजगार सृजित करें। उन्होंने महिला मंगल दलों को स्वयं सहायता समूह की तर्ज पर मान्यता दिए जाने के लिए ग्राम्य विकास विभाग से अनुरोध करने के निर्देश दिए। डा0 सहगल गुरुवार को महानिदेशालय के सभाकक्ष में समस्त मण्डलीय उप निदेशकों एवं जिला युवा कल्याण अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिये कि मंगल दलों का पंजीकरण सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट–1860 के अन्तर्गत कराया जाये। मंगल दलों से उनकी ग्राम पंचायत में राशन वितरण, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति आदि के सम्बन्ध में गोपनीय सूचना प्राप्त की जाये। कोविड संक्रमण के दौरान अच्छा कार्य करने वाले मंगल दलों को उनके स्तर से प्रशस्ति–पत्र दिए जायेगा। उन्होंने पूर्व से स्थापित ग्रामीण स्टेडियमों के संचालन की भी समीक्षा की।

## अशोक गहलोत बोले: लोकतंत्र के लिए आभूषण है आलोचना और असहमति

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आलोचना और असहमति को लोकतंत्र का गहना करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सत्ता में रहने वालों को इसे महत्व देना चाहिए। गहलोत ने यहां सवाई मान सिंह (एसएमएस) स्टेडियम में राज्य स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इन खेलों से लोगों को अपने मनमुटाव भुलाने का मौका मिला और वे एक दूसरे के करीब आए। गहलोत ने कहा कि इन खेलों से लोग आपस में करीब आए। मैं समझता हूं कि इसने खिलाड़ियों को आपस में प्रेम, भाईचारे, सद्भावना से साथ रहने का एक मौका दिया, जिसकी आज मुल्क में सबसे बड़ी जरूरत है।




गहलोत ने कहा, ''हमने बार–बार कहा है कि आज पूरे मुल्क में तनाव, हिंसा का माहौल है, असहमति बर्दाश्त नहीं हो रही। ... जबकि ऐसा होना चाहिए, जो सत्ता पक्ष होता है उसे आलोचना को महत्व देना चाहिए। आज हम सत्ता में हैं... हमारे विपक्षी लोग हैं वे आलोचना करते हैं, असहमति व्यक्त करते हैं तो मैं बुरा नहीं मानता क्योंकि लोकतंत्र में यह तो आभूषण की तरह है।''

## समय से पहले सर्दी के मौसम दी कश्मीर में दस्तक, बर्फबारी और बारिश शुरू

जम्मू। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के कारण घाटी में निर्धारित समय से पहले सर्दी का मौसम शुरू हो गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा, ''मध्यरात्रि के दौरान गुलमर्ग, सोनमर्ग, गुरेज और करनाह समेत कश्मीर के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई।'' अधिकारियों ने कहा कि गुलमर्ग में दो इंच से अधिक बर्फ जमा हो गई है जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। उन्होंने कहा कि शहर की जबरवां पर्वत श्रृंखला में भी रात के समय हिमपात हुआ है। श्रीनगर शहर और घाटी के अन्य इलाकों में बृहस्पतिवार तड़के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है, जिससे तापमान में कई डिग्री की गिरावट आई है।



लोग इस बार पहले से ही स्वेटर और भारी जैकेट जैसे सर्दी के कपड़े पहनने लगे हैं। देश में दिवाली पर आतिशबाजी के कारण फैलने वाले प्रदूषण से बचकर यहां आए पर्यटक बर्फबारी देखकर काफी खुश हैं। हैदराबाद के निवासी एस. अरविंद ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, ''हम पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचते हुए कश्मीर में शरद ऋतु का आनंद लेने आए हैं।






## दिल्ली में पटाखों पर बैन के बाद छिड़ी राजनीति, आप नेता ने मंत्री बनने पर चलाए पटाखे? बीजेपी ने दोहरे मापदंड पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा दिवाली के दौरान पटाखों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद राजनीति छिड़ गई है। भाजपा के तजिंदर बग्गा ने आप पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। ट्विटर पर उन्होंने राजेंद्र पाल गौतम की जगह दिल्ली सरकार में मंत्री बनने के बाद रात में पटाखे फोड़ने वाले राज कुमार आनंद के समर्थकों का एक असत्यापित वीडियो पोस्ट किया। इसका हवाला देते हुए, दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने दावा किया कि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को दिवाली मनाने वाले लोगों से समस्या थी, पटाखों से नहीं। बीजेपी नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने ट्वीट करते हुए कहा कि हिन्दू दिवाली पर पटाखे जलाते है तो प्रदूषण होगाअरविंद केजरीवाल उन्हे जेल भेजेंगे, लेकिन केजरीवाल के मंत्री बनने की खुशी में अगर पटाखे जलाए जाते हैं तो उसमें से ऑक्सिजन निकलेगा।



केजरीवाल हिन्दू विरोधी चेहरा आज फिर सामने आ गया, आपको दिक्कध्त दीवाली से है पटाखो से नही। दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंधः सितंबर में अरविंद केजरीवाल सरकार ने 1 जनवरी, 2023 तक सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें दिवाली भी शामिल है, जिसका पालन वह पिछले दो वर्षों से कर रही है। एक दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने घोषणा की कि विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत पटाखों का निर्माण, भंडारण और बिक्री एक दंडनीय अपराध होगा, जिसमें 5,000 रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की कैद होगी।

# हिन्दू महासभा व जय बजरंग सेना ने निकाली पदयात्रा

## भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की किया मांग

अयोध्या। अखिल भारत हिन्दू महासभा व जय बजरंग सेना के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में पदयात्रा निकालते हुए भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की। पदयात्रा का नेतृत्व हिन्दू महासभा के वरिष्ठ नेता रविन्द्र कुमार द्विवेदी,प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, उपाध्यक्ष व हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक व जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने किया। पदयात्रा का आयोजन जय बजरंग सेना बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अमित राणा व उनकी पत्नी सोनाली राणा ने किया। हिन्दू महासभा के वरिष्ठ नेता रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि 1947 में भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान इस्लामिक राष्ट्र बना फिर भी भरत को हिन्दू राष्ट्र घोषित न करके बहुसंख्यक हिन्दू समाज के साथ घोर विश्वासघात किया गया। उन्होंने पदयात्रा से पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश दत्त मिश्र को हाउस अरेस्ट किए जाने की कठोर निन्दा की।हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय ने कहा कि हिन्दू महासभा का हस्ताक्षर अभियान हिन्दू राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को अवश्य साकार करेगा। जय बजरंग सेना के बिहार अध्यक्ष अमित राणा और सोनाली राणा की पदायात्रा हिन्दुओं को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पदयात्रा गांव गांव जाकर हिन्दुओं को जागरूक करेगी। हिन्दू महिला सभा की राष्ट्रीय नेता डाक्टर गीता रानी, हिन्दू महासभा मध्य प्रदेश अध्यक्ष अंकित भटनागर, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, जिला अयोध्या अध्यक्ष राम धन निषाद, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अयोध्या महानगर अध्यक्ष अर्पित दुबे, जिला संगठन मंत्री मुकेश वर्मा, जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, राहुल निषाद, मुकेश निषाद, राजपत वर्मा ने विचार व्यक्त किए। सभी पदाधिकारियों ने हिन्दू राष्ट्र के लिए हस्ताक्षर अभियान में भारी संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया।

# अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के तत्वाधान में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता की शुरुआत रोली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या के द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुई उन्होंने प्रमुख रूप से बालिकाओं के लिए ताइक्वांडो, जूडो ,कराटे आदि को उनके विकास के लिए उनकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस प्रतियोगिता में गोंडा बलरामपुर सुल्तानपुर बहराइच बाराबंकी आदि जिलों डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय के लगभग 80 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक जिला सचिव भगवान दास अग्रवाल जी ने बताया इस प्रतियोगिता में जो स्वर्ण पदक विजेता होंगे वह अमृतसर में होने वाली ऑल इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज के गुरु नानक सभागार में मुख्य अतिथि माननीय रोली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या, रोहित सिंह भाजपा नेता अयोध्या सरदार प्रतिपाल सिंह पाली सचिव गुरु नानक एजुकेशन सोसायटी अयोध्या, आयोजक अध्यक्ष अमनदीप सिंह सीओ गुरु नानक एजुकेशन सोसायटी, पर्यवेक्षक जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव श्री भगवानदास अग्रवाल, आदित्य प्रताप प्राचार्य गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज अयोध्या, संजय शर्मा जिला सचिव बास्केटबॉल अयोध्या, धर्मेंद्र सिंह विद्यालय क्रीडा समिति सचिव अयोध्या मौजूद रहे प्रतियोगिता में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता चल रही जिसमें अंडर 46 केजी में अंजलि तिवारी कमला नेहरू इंस्टीट्यूट अंडर 49 केजी में अनुभवी श्रीवास्तव देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंडर 53 केजी खुशी अस्वाल नंदिनी नगर पीजी कॉलेज अंडर 57 केजी पूजा यादव डॉ राममनोहर लोहिया अवध अवध विश्वविद्यालय अंडर 62 केजी सौंदर्य अग्रवाल शिव सावित्री महाविद्यालय रुदौली अंडर 6 7 केजी प्रियंका कुमारी देव इंद्रावती पीजी कॉलेज प्लस 6 7 केजी मुस्कान अग्रवाल शिव सावित्री महाविद्यालय रुदौली यह सभी खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता रहे उनसे कंपटीशन में व्यक्तिगत में प्रीति चौबे व टीम स्पर्धा में अंजली सिंह मुस्कान अग्रवाल सुंदर अग्रवाल विजेता रही

# दीपोत्सव के लिए समन्वयकों को दायित्वों से कराया गया अवगत

## –15 लाख दिए गए जलाने के लक्ष्य के सापेक्ष 17 लाख दीए राम की पैड़ी पर बिछाये व जलाये जायेंगे

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए सभी घाटों के दीपों की संख्या के निर्धारण के साथ घाट समन्वयकों व स्वयंसेवकों को नियुक्त किया जा चुका था। इसी क्रम में उनकों दायित्वों से अवगत कराते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में दीपोत्सव नोडल अधिकारी व विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने इसे अंतिम रूप दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के 15 लाख दिए गए जलाने के लक्ष्य के सापेक्ष 17 लाख दीए राम की पैड़ी पर बिछाये व जलाये जायेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय आवासीय परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों व स्वयंसेवी सस्थाओं के लगभग 22 हजार वालंटियर्स लगाये गये है। सभी दीए घाट समन्वयकों की निगरानी में जलाये जायेंगे। इस संबंध में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 सिंह ने सभी घाटों पर दीपों की संख्या के साथ स्वयंसेवकों का निर्धारण कर दिया है। घाट संख्या एक पर 67500 दीपों के सापेक्ष 974 स्वयंसेवक दीप जलायेंगे। घाट दो पर 35200 दीपों के लिए 559 स्वयंसेवक, घाट तीन पर 48500 के लिए 624 स्वयंसेवक, घाट चार पर 56500 दीपों के लिए 739 स्वयंसेवक, घाट पांच पर 23000 के सापेक्ष 323 स्वयंसेवक, घाट छ पर 28500 दीप हेतु 308 स्वयंसेवक, घाट सात पर 63700 के सापेक्ष 804 स्वयंसेवक वहीं घाट आठ पर 69600 दीपकों के लिए 743 स्वयंसेवक, घाट नौ पर 78200 के लिए 840 स्वयंसेवक, घाट दस पर 85500 के सापेक्ष 840 स्वयंसेवक, घाट ग्यारह पर 75500 के लिए 752 स्वयंसेवक, घाट बारह पर 95000 के सापेक्ष 782 स्वयंसेवक, घाट तेरह पर 33300 के सापेक्ष 356 स्वयंसेवक, घाट चौदह पर 42900 दीप हेतु 481 स्वयंसेवक, घाट पंद्रह पर 44800 के लिए 500 स्वयंसेवक, घाट सोलह पर 20000 के सापेक्ष 250 स्वयंसेवक, घाट सत्रह पर 50400 के लिए 593 स्वयंसेवक, घाट अठारह पर 52000 के सापेक्ष 550 स्वयंसेवक, घाट उन्नीस पर 22500 के सापेक्ष 350 स्वयंसेवक, घाट बीस पर 22200 के सापेक्ष 600 स्वयंसेवक, घाट इक्कीस पर 6000 हेतु 102 स्वयंसेवक, घाट बाइस पर 6000 के सापेक्ष 75 स्वयंसेवक, घाट तेइस पर 6700 के लिए 149 स्वयंसेवक, घाट चौबीस पर 8500 के सापेक्ष 101 स्वयंसेवक, घाट पच्चीस पर 16600 के सापेक्ष 300 स्वयंसेवक, घाट छब्बीस पर 16000 दिए हेतु 183 स्वयंसेवक, घाट सताईस पर 14000 के लिए 212 स्वयंसेवक, घाट अठाईस पर 50000 के सापेक्ष 675 स्वयंसेवक, घाट उन्तीस पर 50000 के सापेक्ष 663 स्वयंसेवक, घाट तीस पर 32000 के लिए 400 स्वयंसेवक, घाट इक्तीस पर 18000 के लिए 400 स्वयंसेवक, घाट बत्तीस पर 18200 के सापेक्ष 400 स्वयंसेवक, घाट तैतीस पर 15000 के लिए 176 स्वयंसेवक, घाट चौतीस पर 16000 के सापेक्ष 329 स्वयंसेवक, घाट पैतीस पर 12000 के लिए 294 स्वयंसेवक, घाट छत्तीस पर 160000 के सापेक्ष 2019 स्वयंसेवक, घाट सैतीस पर 230000 दीयों के लिए 2225 स्वयंसेवक तथा घाट के कैनाल के दोनों ओर 15000 दीए बिछाने के लिए 101 स्वयंसेवक नियुक्त किए गए है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। 20 तारीख से घाटों पर दीए रखने का कार्य शुरू हो जायेगा। 21 से 22 अक्टूबर तक सभी घाटों पर दीए बिछाने का कार्य पूर्ण हो जायेगा। घाट समन्वयकों को उनके आवंटित दायित्वों से अवगत करा दिया गया है। इस बार के दीपोत्सव को लेकर स्वयंसेवक काफी उत्साहित है और पूरी सतर्कता के साथ दीप प्रज्ज्वलित करेंगे।

## किसान हेल्प डेस्क की स्थापना

मिल्कीपुर–अयोध्या। किसान सम्मान निधि योजना में 12वीं किस्त 17अक्टूबर 2022 को किसानों के खाते में भेज दी गई है।जिन किसानों के खाते में किसी कारण 12वीं किस्त नहीं प्राप्त हुई है उन किसानों की समस्या के समाधान हेतु उप कृषि निदेशक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा हेल्प डेस्क पर किसानों की समस्याओं का समाधान किया। आज दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को कुल 18 किसानों ने किस्त ना आने की समस्या लेकर आए इन सभी किसानों का डेटाबेस रजिस्टर में दर्ज किया गया है। हेल्प डेस्क राजकीय कृषि बीज भंडार हैरिंग्टनगंज पर स्थापित है जो सुबह 8:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक खुला रहता है शिफ्टवार कर्मचारी हेल्प डेस्क सुपर उपस्थित रहते हैं प्रथम शिफ्ट सुबह 8:00 बजे से 2:00 बजे दोपहर तक प्रदीप कुमार मौर्य तथा दूसरी शिफ्ट मैं दोपहर 2:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक उपस्थित रहते हैं। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि उमाशंकर यादव वंश भूषण सिंह अतुल कुमार गुप्ता ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक सुरेश कुमार पांडे सहायक तकनीकी प्रबंधक अमित यादव के साथ कृषक राघवेंद्र सिंह,कल्लू,सुनीता देवी आदि कृषक उपस्थित रहे।

## एआरपी ने नैट परीक्षा को लेकर की बैठक

अयोध्या। कंपोजिट विद्यालय बड़ा गाँव में ए०आर०पी० डॉ. दिनेश कान्त पाण्डेय ने शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ 20 अक्टूबर, 2022 को होने वाली नैट (निपुण असेसमेण्ट टेस्ट) परीक्षा में शत–प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति हेतु प्रेरित किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा तथा जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उपरोक्त परीक्षा को सुचितापूर्वक एवं पारदर्शितापूर्वक कराने की बात कही।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित निपुण लक्ष्य हेतु अयोध्या मण्डल व लखनऊ मण्डल को चुना गया है। डॉ पाण्डेय ने बताया कि कोरोना काल के बाद, बच्चों की गुणवत्ता की परख हेतु प्रदेश में हो रही परीक्षा आने वाले समय में उनकी नीव मजबूत करेगी व साथ ही उन्हें देश के लिए एक सक्षम नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगी। यह परीक्षा ओएमआर शीट पर देनी है। डॉ पाण्डेय द्वारा दूसरी कक्षा का अनुश्रवण भी किया गया। बच्चों द्वारा दिए गए उत्तर से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने शिक्षिका फातिमा बानो की सराहना भी की। बैठक में ग्राम प्रधान मो. नदीम, प्रधानाध्यापिका विद्यावती, ग्राम पंचायत सचिव पंकज मिश्रा, लक्ष्मी शालिनी, राम प्रकाश रावत, अर्चना सक्सेना, स्वाती कनौजिया, शिवबालक रावत, फातिमा बानो, राजेश कुमार, सरिता रंजन व सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण परिषद में हुआ शपथग्रहण, राज्य स्तरीय ट्रेनर ने की शिक्षक प्रदीप वर्मा की सराहना

उन्नाव ।राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में, कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन लखनऊ उतर प्रदेश द्वारा आयोजित समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण (माध्यमिक) में डॉं मीनाक्षी गंगवार प्रधानाचार्य राजकीय बालिका हाई स्कूल सोहरामऊ उन्नाव द्वारा, जनपद के शिक्षक प्रदीप वर्मा व संजीव संखवार द्वारा संचालित नशा मुक्त उन्नाव अभियान की मुहिम के अंतर्गत नशामुक्ति की शपथ ग्रहण कराई गई। डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने इस मुहिम को जनकल्याणकारी बताया, उन्होंने कहा आज नशे की ही लत का परिणाम है कि बहुत सा युवा वर्ग अपने मार्ग से भटक गया है, लीवर और कैंसर जैसी बीमारियों का कारण भी काफी हद तक नशा ही है, जनपद उन्नाव में चल रही नशामुक्ति मुहिम की प्रधानाचार्या मीनाक्षी गंगवार ने सराहना की

## चोरो के हौसले बुलंद प्राचीन हनुमान मंदिर से घण्टा चोरी

उन्नाव ।सफीपुर उन्नाव तहसील क्षेत्र में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से चोरों ने मंदिर में बंधे लगभग एक कुंतल के घण्टे पार कर दिये है। सूचना पर पहुँची पुलिस पड़ताल में जुटी गई। बतादे बीती रात तहसील क्षेत्र के सफीपुर परियर मार्ग पर शकहन सराय गांव के नजदीक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में बंधे लगभग एक कुंटल के घंटे चोर काट ले गए सुबह ग्रामीणों ने देखा मंदिर के सभी घण्टे गायब है धीरे धीरे यह घटना सुन भीड़ एकत्रित हो गयी मंदिर के पुजारी रूपेश द्विवेदी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है सूचना पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया घटना की जांच की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम प्रयासरत है।

## ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी,चालक की मौत

कानपुर। घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास पुलिया में एक ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई जबकि, साथी घायल हो गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल को बाहर निकलकर भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया। गंभीर हालत में उसे कानपुर एलएलआर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मोहनपुर गांव निवासी अजय कुरील (38) अपने साथी दिनेश कुरील के साथ ...देर शाम शटरिंग का सामान लेकर ट्रैक्टर–ट्राली से धरमपुर बम्बा गए थे। देर रात घर लौट रहे थे। तभी भीतरगांव–धरमपुर बम्बा मार्ग पर स्थित रघुनाथपुर मोड़ की पुलिया के पास पहुंचा ही था, तभी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पानी भरे रजबहे ने जा पलटी। हादसे में चालक अजय और साथी दिनेश ट्रैक्टर ट्राली के नीचे पानी में दब गए। इसी दौरान वहां से गुजर रही पीआरवी के जवान दीवान सुरेश कुमार दबे दोनों लोगों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार कर दोनों को गंभीर हालत में कानपुर एलएलआर रेफर कर दिया गया। रास्ते में ट्रैक्टर चालक अजय की मौत हो गई,वहीं, साथी को अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा है। मामले में साढ़ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जानकारी मिली थी। पीआरवी कर्मियों ने घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया है।

# आठवीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

## –प्रमुख प्रतियोगिता में अनपरा टीम ने लहराया परचम

मिल्कीपुर–अयोध्या ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय आठवीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। खोल प्रतियोगिता में डीएवी अनपरा की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षण का केंद्र बनी रही। अनपरा की टीम ने टेबल टेनिस फुटबॉल और चेक प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया। वहीं दूसरी ओर एन डी डी ए वी पब्लिक स्कूल कुमारगंज की टीम दूसरा स्थान अर्जित कर उप विजेता बनी। आठवीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मैच डीएवी कुमारगंज और डीएवी अनपरा के बीच खेला गया। जिसमें कुमारगंज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 89 रन 12 ओवर में बनाया। जवाब में अनपरा की टीम 12 ओवर में सिर्फ 71 रन पर ही ऑल आउट हो गई। वही वॉलीबॉल प्रतियोगिता का ऊंचाहार और कुमारगंज की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें ऊंचाहार की टीम विजेता तथा कुमारगंज उपविजेता रही। कबड्डी मैच का फाइनल डीएवी टांडा और डीएवी रिहंद नगर के बीच खेला गया। जिसमें डीएवी टांडा के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसी क्रम में आगे बैडमिंटन का फाइनल मैच डीएवी अनपरा और कुमारगंज के बीच खेला गया जिसमें डीएवी अनपरा की टीम विजई रही तथा उपविजेता कुमारगंज बनी। इसके पश्चात हैंडबॉल प्रतियोगिता डीएवी कुमारगंज और डीएवी अनपरा के बीच खेला गया। जिसमें डीएवी कुमारगंज ने विजय प्राप्त की एवं अनपरा उपविजेता रही। इस मैच में नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला मीना सिंह ने बच्चों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस क्रम में खो–खो प्रतियोगिता में डीएवी टांडा विजई हुई, जबकि डीएवी अनपरा उपविजेता रही। उपविजेता का खिताब डीएवी खड़िया को प्राप्त हुआ। फुटबॉल मैच में डीएवी अनपरा विजई रही। जबकि उपविजेता का खिताब कुमारगंज को मिला। क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला डीएवी कुमारगंज और डीएवी ऊंचाहार के बीच खेला गया। डीएवी ऊंचाहार ने डीएवी कुमारगंज को पांच विकेट से हराकर अपनी जीत हासिल की प्रतियोगिता के समापन समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्य पुष्पा कुमारी व कलस्टर इंचार्ज अंकुर भाटिया ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं शील्ड प्रदान की। प्रतिभागी खिलाड़ियों को हमेशा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। खेल प्रतियोगिता में शिक्षक अभिषेक कुमार सिंह एवं श्रीमती के पाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# किसान दिवस पर डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएँ

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ''किसान दिवस'' का आयोजन विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दूबे की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी ने किसान दिवस के अवसर पर जनपद के दूर दराज क्षेध्त्रों से आये 15 से अधिक किसानों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए गए। बतादे ज्यादा तर किसानों की शिकायतें बिजली विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, पशु पालन विभाग एवं सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित रहीं।वही डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद का कोई भी किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिन पशुपालकों का केसीसी हेतु आवेदन पेंडिग है उसे एलडीएम के साथ समन्वय स्थापित तुरन्त स्वीकृत कराया जाए। यह भी कहा कि निराश्रित गौवंश रखने वाले किसानों का भुगतान समय से किया जाए। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई व सूचना विभाग द्वारा किसान दिवस में आये किसानों को सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों संबंधी उ0प्र0 संदेश नामक पुस्तिका का वितरण किया गया।डीएम ने फसल अवशेष पराली प्रबन्धन को लेकर किसानों को अवगत कराया कि पराली को कदापि न जलाया जाए। इससे वायु एवं जल दोनो तरह के प्रदूषण होते हैं जो हमारे पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है। उन्होंने कहा कि किसान बन्धु अपनी फसल अवशेषों को नजदीकी गौशालाओं में देकर उसके बदले गोबर की खाद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी किसान पराली जलाते हुए पाया जाएगा, उस पर 2500 रू0 से लेकर 15,000 रू0 तक का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जा सकता है।किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल, उप कृषि निदेशक डा0 मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल पडे, सहित अन्य अधिकारी गण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिंग सवारियां ढोने से दुर्घटना को दावत दे रहे वाहन

मिल्कीपुर–अयोध्या। अयोध्या–रायबरेली राजमार्ग पर सवारी वाहनों में ओवरलोड सवारियां दुर्घटना की दावत दे रही हैं।मानक के विपरीत ठूंस ठूंस कर सवारियां भरने से वाहन स्वामी यात्रियों के साथ बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं।एक ओर जहां अयोध्या–रायबरेली फोरलेन निर्माणाधीन है और जगह–जगह निर्माण कार्य हेतु डायवर्जन चल रहा है उन सबके बीच सवारी वाहनों द्वारा ओवरलोडिंग सवारियां ढोने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले कुछ महीनों से अयोध्या–रायबरेली राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है।जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्यवाही न करने से प्रशासनिक संवेदनहीनता चरम पर दिख रही है।आरटीओ विभाग द्वारा इस समस्या से आंख मूंद लेने से यात्रियों की सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ हो रहा है और वाहनों द्वारा सवारियों को ठूंस ठूंस कर भरने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।अधिकांश यात्रियों का आरोप है कि वाहन स्वामी व चालक यात्रा के दौरान खूब मनमानी करते हैं और मनमाना किराया लेने के साथ साथ गाड़ी के अंदर जोर–जोर से फिल्मी भोजपुरी गाना भी बजाते हैं जिससे महिला यात्रियों को असहजता महसूस होती है।

## ठगी की रकम से खरीदा सोना, साइबर सेल ने लौटाई रकम

कानपुर। एक दरोगा से क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर महिला टेली कालर (साइबर ठग) ने 95 हजार रुपए ठग लिए। ठगी की रकम से ठगों ने ऑनलाइन गोल्ड खरीद लिया। सूचना मिलते ही साइबर सेल ने रकम वापस कराई है। कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात उपनिरीक्षक राजनरायन ने बीती 19 अगस्त को साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पास एक कॉल आयी जिसमें एक महिला द्वारा एसबीआई क्रेडिट कार्ड ऑफिस में कर्मचारी बता उनसे पूरा ब्योरा मांगा। विश्वास होने पर महिला द्वारा एक स्कीम हटाने के नाम पर उक्त महिला द्वारा मेरे क्रेडिट कार्ड के शुरु व लास्ट के 4–4 डिजिट माँगे गए जैसे ही मैने डिटेल्स दी मेरे क्रेडिट कार्ड से 95000 रुपए कट गए जिसके बाद तत्काल पीड़ित उपनिरीक्षक ने साइबर सेल अपनी शिकायत दर्ज कराई। जाँच में खुलासा हुआ कि एसबीआई क्रेडिट कार्ड से खर्च की गयी राशि का साइबर ठग ने एक कम्पनी से गोल्ड खरीदा था साइबर सेल ने उस कंपनी से पत्राचार व नोडल आफीसर से वार्ता कर लेन–देन की प्रक्रिया को रुकवाया गया तथा एकाउंट फ्रीज कराकर दरोगा के पूरे पैसे रिफन्ड कराए गए।

# दुकान का जाल काटकर 80 पेटी शराब व 38 हजार रुपए की नगदी की पार

कानपुर। कानपुर आउटर के बिधनू थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने देशी शराब ठेके को अपना निशाना बनाया। खिड़की का जाल काटकर 80 पेटी शराब व गुल्लक में रखी नगदी चुरा ले गए है। .

दोपहर ठेका मालिक ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला थाना क्षेत्र के कुशलपुर गांव का है। गांव निवासी अरविंद कुमार यादव ने थाने में तहरीर दी। बताया कि जामू गांव के किनारे उनकी देशी शराब ठेके की दुकान है। दुकान पर सेल्समैन फतेहपुर जिले के अमौली गांव निवासी सुंदर राम यादव तैनात है। बीती रात वह दुकान बंद करके घर चला गया। सुबह जब ठेके पर पहुंचा तो ठेके के पीछे का जाल कटा हुआ था।

दुकान के अंदर जाकर देखा तो देशी शराब की 80 पेटी व गुल्लक में रखे 38,500 रुपए नगद गायब थे। सुंदरम ने फोन करके मुझे घटना की जानकारी दी। मै मौके पर पहुंचा और देखा कि ठेके के पीछे का जाल कटा हुआ था। इसके बाद थाने पहुंचकर मामले में तहरीर दी है। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके घटना की जानकारी जुटाई है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# सहायक अध्यापक का प्रधानाचार्य पद पर हुआ चयन





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज बांसी में कार्यरत सहायक अध्यापक का चयन राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के रूप में होने पर विद्यालय परिवार में उन्हें बधाई दिया है। प्राप्त समाचार के अनुसार 19 अक्टूबर की देर शाम को लोक सेवा आयोग द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में तिलक इंटर कॉलेज में लगभग 1 वर्ष पूर्व कार्यभार ग्रहण किए अमित कुमार सिंह का चयन राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के रूप में होने की सूचना प्राप्त हुई तो तुरंत सोशल मीडिया एवं प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर उन्हें बधाई देने वालों लोगों का तांता लग गया, अमित कुमार सिंह मूलतः प्रतापगढ़ के पूर्वी सहोदरपुर रहने वाले हैं उन्होंने इसका श्रेय अपने माता, पिता, गुरुजनों के साथ–साथ अपने शुभचिंतकों को दिया है। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ अरविंद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य डॉ कृष्ण कुमार, लोकपति सिंह, कमलेश कुमार, अवधेश कुमार सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, जयराम यादव, गिरीश चौधरी, सीमा यादव, हरिओम यादव, हरेंद्र बहादुर सिंह, वकील अहमद खां, शिवाश्रय, आसिफ अली, मनोज कुमार सिंह, अश्वनी कुमार, आवेग कुमार शर्मा, स्पर्श बर्मा, अर्जुन कुमार, राज वरुण, गोविंद कुमार, राकेश कुमार, शत्रुघ्न लाल, शिवम दुबे, अमरेश त्रिपाठी, रामनेवास एवं ओमकृष्णा आदि ने उन्हें बधाई दिया है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## दीवाली से पहले वेतन,बोनस व डीए देंने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने दीवाली से पहले वेतन, बोनस व डीए दिलाने की मांग की है। राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता,संयोजक शिवाकांत पाण्डेय के हस्ताक्षर से जिलाधिकारी को दिए गये पत्र लिखा है कि 24 अक्टूबर को दीपावली, 30 अक्टूबर को छठ का महापर्व है। जिसे सभी कर्मचारी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाते हैं। माह अक्टूबर का वेतन, बोनस व माह जुलाई से डीए देने की मांग की है।

## प्रशासन के सूझ बूझ से एनएच 28 पर आवागमन शुरू,प्रशासन की प्रशंसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 28 पर जोगिया उदयपुर मार्ग से बाँसी जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण बाढ़ के कारण हफ्ते से बन्द राष्ट्रीय राजमार्ग वृहस्पतिवार से आवागमन शुरू होने पर प्रशासन की प्रशंसा हो रही है। उपजिलाधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव एवं तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन के सूझ बूझ से आज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन शुरू हुआ।

## शिक्षक दयाशंकर यादव पीसीएस 2021 परीक्षा में हुए चयनित



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में तैनात शिक्षक दयाशंकर यादव का चयन पीसीएस परीक्षा 2021 में पीईएस कैडर में बतौर प्रधानाचार्य जीआईसीबीएसएड एडीआईओएस के पद पर हुआ है। भूमि संरक्षण विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक राम सुख यादव के सुपुत्र दयाशंकर यादव सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ तहसील स्थित बेलाही ग्राम के मूल निवासी हैं और सिद्धार्थनगर में 2012 से शिक्षक के रूप में तैनात हैं। उनकी सफलता पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, विद्यालय प्रबंधक डॉ अरविंद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गुप्ता, माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष रामविलास यादव जिला मंत्री हृदय नारायण मिश्र कोषाध्यक्ष रामनिवास कुशवाहा राज्य परिषद सदस्य संतोष दुबे, शैलेंद्र शर्मा, योगेंद्र सिंह, बुद्ध का संदेश के प्रधान संपादक राजेश शर्मा, शेष नारायण ओझा, श्रवण कुमार तिवारी, रामबहादुर, पंकज चौधरी, जितेंद्र पाल सिंह, राजकुमार, सोनाली गुप्ता, संतोष कुमार, विजय बहादुर राजेश कुमार, सिद्धार्थ मिश्रा समेत जनपद के शिक्षकों ने हार्दिक प्रसन्नता जाहिर की और अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## आर्थिक उन्नति के लिए स्वरोजगार अपनाए युवाः हेमन्त कुमार जायसवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। वर्तमान बेरोजगारी एक बड़ी



समस्या बनी हुई है। इससे छुटकारा पाने के लिए युवा स्वरोजगार अपनाए। इससे उनकी आर्थिक उन्नति होगी। यह बातें कस्बा के पुलिस पिकेट उसका राजा के पास गुरुवार को सिंह कांस्ट्रक्शन कम्पनी के उद्घाटन के अवसर पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल ने कही है। उन्होंने फीता काटकर व्यावसायिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया और कहा है कि सरकार स्वरोजगार के लिए कम ब्याज पर आर्थिक सहायता भी दे रही है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अखंड पाल, उद्घाटन समारोह के आयोजन भानु प्रताप सिंह, रूपेश सिंह, धर्मेंद्र पाण्डेय, पंकज सिंह आदि रहे।

# दो सगी बहनों की डूबने से हुई मौत मचा कोहराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। बाढ़ आपदा ने रीवा नानकार लछनपुर गांव में बाढ़ की पानी में डूबने से दो सगी बहनों मौत हो गयी है। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। उसका बाजार थाना क्षेत्र के बूढ़ी राप्ती नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार लछनपुर निवासी रागिनी (18) वर्ष और शशिकला (20) वर्ष दोपहर को घर से शौच के लिए घर से निकलीं थीं। शौच के लिए गांव के पास नदी के बांध पर पहुंच गई यह किसी को नहीं पता चल पाया। नदी में शौच के समय पैर फिसलने से दोनों की डूबने से मौत हो गई। उसका बाजार थाना ने शव को कब्जे में



लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया हैं।दो सगी बहनों की बूढ़ी राप्ती नदी में डूबने से मौत पर पूरा गांव शोक में डूब गया जैसे ही लोगों को बच्चियों के नदी में डूबने की घटना की जानकारी मिली बड़ी संख्या में लोग घाट पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, सदर सीओ अखिलेश वर्मा, नौगढ़ तहसीलदार ऋषि रमन, उसका बाजार थाना प्रभारी राजेश तिवारी पुलिस बल सहित मौजूद रहें।

# शिक्षण तकनीकियों का प्रयोग करें शिक्षक–खंड शिक्षा अधिकारी गोला

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला बाजार/गोरखपुर। शिक्षा में बदलते



आयामों के साथ नित नए प्रयोग हो रहे है इसलिए समय के साथ आधुनिक शिक्षण तकनीकी के साथ शिक्षकों को अपने अपने विद्यालयों में प्रयोग करके शिक्षण करना चाहिए उक्त बातें खंड शिक्षा अधिकारी गोला राजेंद्र सिंह ने ब्लॉक संसाधान केंद्र गोला पर आयोजित निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय संदर्भ दाता प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्घाटन सत्र में उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्राथमिक शिक्षक संघ गोला के अध्यक्ष काशी नाथ तिवारी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। समाज में उनकी महती भूमिका होती है। शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार का भी निर्माण करें। एआरपी रामनयन शुक्ल ने कहा कि निपुण भारत लक्ष्य की संप्राप्ति के लिए शिक्षक संकल्पित होकर लर्निंग आउटकम को उच्च स्तर पहुंचाएं। एआरपी विपिन मिश्र ने कहा कि बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से उनके बाल मन मनोरंजक पूर्ण करके खेल–खेल में शिक्षा देने की जरूरत है। इस अवसर पर रवींद्र नाथ यादव, डा. विपिन मिश्र, प्रभेष प्रताप सिंह, शिव कुमार, कुलदीप गुप्ता, शिवप्रकाश यादव शुशील तिवारी, सलमान खुर्शीद प्रदीप मिश्र अरविंद पटेल प्रशांत दुबे महेशानंद पवन त्रिपाठी शशि पांडेय यशवर्य लक्ष्मी पांडेय संध्या यादव वंदना मिश्र रागिनी शुक्ल संतोष यादव आमिर अली राजन मल्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# बाढ विभीषिका को झेल रहा जनपद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। वर्तमान समय में जनपद बाढ विभीषिका को झेल रहा है, अभी नदियों, नालों एवं नीचे स्थानों पर काफी पानी भरा हुआ है। जनपद में पहले ही कई लोगों की बाढ विभीषिका से जान जा चुकी है। पानी को किसी भी दृष्टि से कम न समझें और पानी से दूर रहे तथा पानी में प्रवेश न करें। पशुपालन विभाग द्वारा जानवरों को आवश्यक टीके लगवाये जा रहे है और मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा संक्रामक रोगों तथा मलेरिका डेंगू डायरिया, टायफाइड आदि की रोकथाम हेतु आवश्यक स्थानों पर दवा का छिड़कांव व दवा का वितरण कराया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर संजीव रंजन द्वारा दिया गया है।

# मृतक के परिजनों को दी गयी सहायता राशि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भीषण बाढ़ के दौरान मृतक के परिवार के परिजनों को सहायता राशि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है जिसमें दिनांक 11.10.2022 को मृतक नरेन्द्र कुमार पुत्र सुदामा के आश्रित पुत्र अंकित कुमार को धनराशि रू0 4 लाख, अनुष्का पुत्री नरेन्द्र कुमार के आश्रित भाई अंकित कुमार को धनराशि रू0 4 लाख तथा दिनांक 15.10.2022 को मृतक स्व0 अवधी पत्नी जगलाल के आश्रित पुत्र सुभाष एवं दशरथ को धनराशि रू0 4 लाख में से 2–2 लाख, स्व0 जर्नादन पुत्र रामप्रसाद पुत्र रामप्रसाद की आश्रित पत्नी दुर्गावती को धनराशि रू0 4 लाख, अंकित पाण्डेय पुत्र रामसूरत पाण्डेय के आश्रित पिता राम सूरत पाण्डेय को धनराशि रू0 4 लाख, की अहेतुक सहायता राशि उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित कर दी गयी है। इसके अलावा भगौतापुर तप्पा कोड़री तहसील बांसी में 03 पक्का मकान क्षतिग्रस्त हुआ है जिसके लिए नन्दलाल पुत्र शोहरत, जगदीश पुत्र बिरजू तथा इन्द्रजीत पुत्र जमुना को धनराशि रू0 1.20 लाख की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गयी है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ बिभीषिका में मृतक के परिवार के लोगो को सहायता राशि को देने में पूरी तत्परता के साथ जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

## सोमवार को खुली रहेगी सर्राफा की सभी दुकानें

बड़हलगंज। सर्राफा व्यापार मंडल द्वारा एक बैठक किया गया। जिसमें इस वर्ष दीपावली का पर्व सोमवार को पड़ जाने के कारण इस सोमवार को सर्राफा व्यापार की सभी दुकाने खुली रहेंगी। इस बात की जानकारी सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष गंगा सोनी व महामंत्री प्रभुनाथ सोनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# आगामी त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्धन पूजा, छठ पूजा व लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर डुमरियागंज थाना कोतवाली में बुधवार को क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज राणा महेन्द्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। गौरतलब हो कि आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्धन पूजा, छठ पूजा व लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों, व्यापार मंडल के सदस्यों, स्वर्ण व्यपारियो, मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्तियों, कमेटी के लोगो के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई तथा सभी को धनतेरस के दिन विशेष सतर्कता बरतने व शासन द्वारा निर्दिष्ट आवश्यक दिशा निर्देशो से अवगत कराया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज राणा महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा आगामी त्योहार को त्यौहार में क्षेत्र में साफ सफाई के लिए ग्राम प्रधानों को निवेदन किया। उन्होंने कहा कि त्योहार में माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर पुलिस की बिल्कुल पैनी नजर रहेगी। यदि किसी प्रकार के अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयत्न करते हैं तो उन्हें बिल्कुल नहीं बख्शा जाएगा।





# सिंगल यूज प्लास्टिक का किया गया बहिष्कार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला क्षेत्र स्थित बंशीचन्द पी जी कॉलेज चिलवा पर गुरुवार को महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना



इकाई के तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार किया गया। रा से यो के बरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा आलोक सिंह ने स्वयं सेवकोंध्स्वयं सेविकाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के बिरोध में शपथ दिलाया। कार्यक्रम अधिकारी महाविद्यालय के उप प्राचार्य डा सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि पॉलिथीन सम्पूर्ण पर्यावरण के लिए खतरनाक है। पॉलीथिन मिट्टी में गलता नही है। जलाने पर जहरीली गैस छोड़ता है। और जल के सम्पर्क में आने पर कैंसर जनित पदार्थ छोड़ता है। प्रत्येक मनुष्य को अपने बहुमूल्य जीवन को बचाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बन्द कर देना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्वयं सेवक व सेविकाएं उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**बहरहाल, यह सवाल विचारणीय है कि आखिर दुनिया की तमाम संस्थाओं को अब भारत से क्या दुश्मनी हो गई है कि वे भारत को बदनाम करने की किसी साझा कोशिश का हिस्सा बन जाएंगी? बहरहाल, जहां तक भूख का सवाल है– जिसका संकेत कुपोषण को माना जात है– तो यह तो खुद भारत सरकार के नवंबर...**

## हंगर बनाम हेडलाइन




भारत सरकार का नजरिया यही रहा है कि आईने खराब हो चुके हैं। उनमें भारत की तस्वीर खराब नजर आती है, तो दोष आईनों का है– भारत की असली सूरत तो असल में निखरती चली गई है। भारत ने ताजा ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उसने ना सिर्फ इसे तैयार करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं, बल्कि इसे भारत को बदनाम करने की कोशिशों का हिस्सा बताया है। भारत सरकार ने कहा है कि ऐसी रिपोर्टों के जरिए दुनिया में यह धारणा बनाने की कोशिश की जा रही है कि भारत अपनी पूरी आबादी को पोषक भोजन देने में भी नाकाम है। यह बात सच है कि इस इंडेक्स से ऐसी धारणा बनती है। या अगर हाल के वर्षों में इस सूचकांक पर भारत का जो हाल दिखा है, उसके आधार पर यह भी कहा जा सकता है कि इससे यह धारणा और पुख्ता होती गई है। बल्कि न सिर्फ हंगर इंडेक्स, बल्कि विकास के तमाम जारी होने वाले सूचकांकों पर यही तस्वीर दिखती है। उन सबको लेकर मोटे तौर पर भारत सरकार का नजरिया यही रहा कि ऐसे आईने खराब हो चुके हैं। उनमें भारत की तस्वीर खराब नजर आती है, तो दोष आईनों का है– भारत की असली सूरत तो असल में निखरती गई है। ये वो हेडलाइन है, जिसे अपने घरेलू समर्थक वर्ग में मौजूदा सत्ताधारी समूह ने प्रचारित किया है। सत्ताधारी दल को यह मालूम है कि उसकी असली राजनीतिक पूंजी ऐसी ही हेडलाइन्स हैं, जो उसके समर्थक तबकों भारतीय चेहरे को ऐसे मेकअप के साथ पेश करते हैं, जिनसे उनमें यह भरोसा बना हुआ है कि भारत शविश्व गुरुय बनने की राह पर है। इसलिए भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया ना तो अनपेक्षित और ना ही अस्वाभाविक है। बहरहाल, यह सवाल विचारणीय है कि आखिर दुनिया की तमाम संस्थाओं को अब भारत से क्या दुश्मनी हो गई है कि वे भारत को बदनाम करने की किसी साझा कोशिश का हिस्सा बन जाएंगी? बहरहाल, जहां तक भूख का सवाल है– जिसका संकेत कुपोषण को माना जात है– तो यह तो खुद भारत सरकार के नवंबर 2020 में पांचवें फैमिली हेल्थ सर्वे की पहली रिपोर्ट से जाहिर हुआ था कि आजादी के बाद पहली बार देश में कुपोषण ग्रस्त बच्चों की संख्या बढ़ी है। इसलिए सरकार को सोचना चाहिए कि मुमकिन है कि आईना खराब ना हुआ– बल्कि खुद देश की सूरत ही बिगड़ रही हो।

## गांगुली क्या राज्यसभा में जाएंगे?

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष और भारत के सर्वकालिक महान कप्तान सौरव गांगुली  क्या अब राजनीति में उतरेंगे? उनको लेकर एक दशक




से ज्यादा समय से इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। एक जमाने में कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ परिवार की करीबी की वजह से उनके सीपीएम के साथ जाने की चर्चा थी। बाद में ममता बनर्जी के साथ तृणमूल कांग्रेस में जाने की चर्चा हुई। पिछले करीब तीन साल से भाजपा से नजदीकी की चर्चा रही। पिछले विधानसभा चुनाव में उनके भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा बनने की चर्चा थी। लेकिन सौरव राजनीति से दूरी बनाए। रहे अब जब उनको अपमानित करके बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से हटाया जा रहा है और आईसीसी का चुनाव नहीं लडने दिया जा रहा है तो चर्चा है कि वे तृणमूल के साथ राजनीति शुरू कर सकते हैं। ममता बनर्जी ने उनके पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है। उन्होंने कहा है कि सौरव गांगुली को आईसीसी के अध्यक्ष पद का चुनाव लडने दिया जाए। हालांकि इसकी संभावना कम है। तभी कहा जा रहा है कि ममता बनर्जी उनको राज्यसभा का प्रस्ताव दे सकती है। पश्चिम बंगाल में अगले साल राज्यसभा की कई सीटों के चुनाव होने वाले हैं। लेकिन सवाल है कि क्या गांगुली उनका प्रस्ताव स्वीकार करेंगे। राज्यसभा के कई प्रस्ताव उनको पहले भी मिल चुके हैं। उनको पता है कि वे अभी बंगाल के सबसे लोकप्रिय आईकॉन हैं। इसलिए वे अपने को इतने सस्ते में दांव पर लगाएंगे, इसकी संभावना कम है। महाराज के नाम से मशहूर सौरव के बारे में माना जाता है कि वे हमेशा पहले से ज्यादा बड़ी वापसी करते हैं। इसलिए इंतजार करना होगा कि उनकी अगली पारी कैसी होती है।

# कहां से कहां पहुंचा भारत!

**कहने की जरूरत नहीं है कि इससे उन्होने क्या राजनीतिक मैसेज दिया है। लोग धर्मध्वजा से मगन और रोजी रोटी के लाले। तभी आठ साल के राज में साढ़े सात करोड़ के करीब नए गरीब बढ़े है। 2011 तक गरीबों की संख्या घट कर 27 करोड़ रह गई थी, जो अब 34 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। लेकिन उनका पुनरुत्थान सरकार की प्राथमिकता नहीं है। उन्हें तो पांच किलो अनाज देकर उनका जीवन चलाया...**

हरिशंकर व्यास

यदि जरा में जानकारी और समझ है तो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना करें। कौन सी तस्वीर दिमाग में उभरेगी? यों अपनी अपनी पसंद से तस्वीर बनेगी। लेकिन सच्चाई से, वस्तुनिष्ठ तरीके से सोचें तो नेहरू की जो तस्वीर या इमेज उभरेगी, उसमें  नेहरू भाखड़ा नांगल बांध बनाने की नींव रखते या उद्‌घाटन करते हुए होंगे। जब उनका यह वाक्य याद आएगा कि ये बांध आधुनिक भारत के मंदिर हैं। तो इसके बरक्स नरेंद्र मोदी की भी तस्वीर उभरेगी। हाथ में लोटा लिए, त्रिपुंड तिलक लगाए, भगवा या पीला वस्त्र धारण किए मंदिर की ओर जाते या मंदिर के गर्भगृह में बैठ कर महादेव की पूजा करते नरेंद्र मोदी। देश के पहले प्रधानमंत्री उद्योगों की नींव रखते थे और सरकारी खर्च पर मंदिरों के पुनरूद्धार का विरोध करते थे। जबकि मौजूदा प्रधानमंत्री पहले प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बने उद्योगों को निजी हाथों में बेच रहे हैं और मंदिरों के पुनरूद्धार कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। सोचें, क्या सवाल नहीं बनता कि भारत कहां से कहां पहुंचा?

मौजूदा प्रधानमंत्री की देश के बाकी प्रधानमंत्रियों के साथ तुलना करेंगे तो यह कंट्रास्ट और ज्यादा साफ दिखाई देगा। अटल बिहारी वाजपेयी भी भाजपा के प्रधानमंत्री थे और हिंदुओं के चहेते नेता था।



उन्होंने भी हिंदू धर्म की राजनीति की। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी हिंदू हृद्य सम्राट थे। इनसे भी बहुत पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय या श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिंदुओं के हितों की बात करने, राष्ट्रवाद का झंडा उठाए हुए थे। वे भी मुस्लिम हमलावरों द्वारा नष्ट किए गए मंदिरों के पुन निर्माण की बात करने वाले नेता थे। उनसे भी पहले विनायक दामोदार सावरकर और उनके समकालीन हिंदू महासभा या राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से जुड़े अनेक लोग थे, जो हिंदू धर्म की ध्वजा उठाए हुए थे।

लेकिन इन सबके चेहरे याद करें? फोटो टटोले। क्या किसी के भी दिमाग में इनकी ऐसी तस्वीर है, जिसमें ये लोग त्रिपुंड तिलक लगाए हुए हों। गंगा में डुबकी लगा रहे हों। लोटे में जल लेकर मंदिर की परिक्रमा कर रहे हों या मल्टी कैमरा सेटअप लगा कर मंदिर के गर्भगृह में महादेव की पूजा कर रहे हों या मंदिर के बाहर नंदी के सामने आसन जमा कर बैठे हों? क्या इससे पहले किसी प्रधानमंत्री का ऐसा बयान सुनने को मिला है कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है या महादेव बुलाएंगे तो उनका यह बेटा कैसे नहीं आएगा?

हो सकता है कि पहले के प्रधानमंत्री या नेता भी मंदिरों में गए हों। वे तस्वीरें हो लेकिन पहली बात वह अपवाद की तरह होगा। दूसरी बात सनातनी हिंदू की तरह पूजा–आस्था के निज विश्वास में वह धर्म कर्म रहा होगा।  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे राजनीति करने और शासन चलाने का नियम बनाया है। ताकि लोग देखे। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले आठ साल में करीब एक दर्जन मंदिरों के पुनर्निर्माण का काम शुरू कराया है, उसकी नींव रखी है या उसका उद्‌घाटन किया है। सभी मंदिरों के मामले में एक कॉमन बात यह है कि कभी न कभी किसी मुस्लिम हमलावर ने इन मंदिरों को तोड़ा था। उसके बाद मंदिर बेशक वापस बना दिए गए थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नए सिरे से निर्माण कराया, उनको और भव्य बनाया।

कहने की जरूरत नहीं है कि इससे उन्होने क्या राजनीतिक मैसेज दिया है। लोग धर्मध्वजा से मगन और रोजी रोटी के लाले। तभी आठ साल के राज में साढ़े सात करोड़ के करीब नए गरीब बढ़े है। 2011 तक गरीबों की संख्या घट कर 27 करोड़ रह गई थी, जो अब 34 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। लेकिन उनका पुनरुत्थान सरकार की प्राथमिकता नहीं है। उन्हें तो पांच किलो अनाज देकर उनका जीवन चलाया जा रहा है। और फोकस अयोध्या से लेकर काशी और सोमनाथ से लेकर केदारनाथ और महाकाल तक मंदिरों के उद्धार पर है।

**करीब दो दशक पहले अमेरिका में बिन लादेन सरीखे आतंकवादी गुटों द्वारा वहां पर टवीन टावर का विमानों से किया गया हमला नजर आता है। इसके बाद ही अमेरिका ने बिन लादेन की हत्या की व अफगानिस्तान में आतंकवादियों से निपटने की आधी अधूरी कोशिश की। क्योंकि बिन लादेन व उसके गुट के आतंकवादियों से निपटने में किसी और देश की हिम्मत नहीं थी पर जिस तरह से यूक्रेन के...**

# यूक्रेनी लोगों के जज्बे का जवाब नहीं!

विवेक सक्सेना

यूक्रेन लगभग पूरी तरह से खाली हो चुका है। इसके बावजूद वहां पर अस्पतालों में डाक्टर काम कर रहे हैं। इतने हमलों के बाद भी बिजली उत्पादन व पीने का पानी पहुंचने का काम जारी है। मैं यह तय नहीं कर पाया कि इतने बुरे हालात में भी वहां के लोग काम कैसे कर रहे होंगे। युद्ध में लिप्त यूक्रेनी सेना के जवानों को खाना कौन पहुंचा रहा है। आम आदमी की दिनचर्या कैसे चल रही है। हाल ही में वहां से भारत लौटे मेडिकल के छात्रों के पुनरू वहां पहुंच जाने की खबरें पढ़कर बहुत चिंता में पड़ गया। पिछले कुछ दशकों में जो कुछ भी देखा सुना व अनुभव किया है उसके आधार पर मैं भाजपा और भगवान का मुरीद हो गया हूं। मुझे लगता है कि इस दुनिया में कुछ काम भाग्य के कारण भगवान ही करवाते हैं। मुझे लगता है कंस और रावण को मरवाने के लिए भगवान ने ही दोनों के दिमाग खराब किए थे तभी कंस कृष्ण को मारने पर तुल गया और रावण सीताजी को उठा ले गया। वरना किसमें इतनी हिम्मत थी कि वह उनसे निपट पाता। पहले टीवी पर कोविड की खबरें देख देख कर ऊब गया था फिर जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया तो लगने लगा था कि यह युद्ध कुछ दिनों में ही समाप्त हो जाएगा। मगर यह तो हनुमानजी की पूंछ की तरह बढ़ता ही जा रहा है। अब तो रूस यूक्रेन पर परमाणु हमला करने की धमकी भी देने लगा है।

मुझे लगता है कि भगवान ने भी कुछ सोच रखा है। सच कहूं तो यह दिए व तूफान की लड़ाई है। यूक्रेन जिस तरह से रूस के हमलों का जवाब दे रहा है वह काबिले तारीफ है। वहां के लोगों का जज्बा व देश भक्ति देखकर मैं दंग हूं। हमारे यहां तो सामान्य आग लगने पर भी फायर ब्रिगेड के पहुंचने में काफी देर लग जाती है। पर वहां तो रोज दर्जनों मिसाइल हमले होने के कारण जबरदस्त नुकसान हो रहा है व आग लग रही है। जब किसी इमारत की आग को बुझाते हुए वहां के फायर कर्मचारी को देखता हूं तो लगता है कि इतने बुरे हालात में रहने के बावजूद भी ये लोग कितनी मेहनत व तत्परता के साथ अपने कामों में जुटे हुए है। यह देश लगभग पूरी तरह से खाली हो चुका है। इसके बावजूद वहां पर अस्पतालों में डाक्टर काम कर रहे हैं। इतने हमलों के बाद भी बिजली उत्पादन व पीने का पानी पहुंचने का काम जारी है। मैं यह तय नहीं कर




पाया कि इतने बुरे हालात में भी वहां के लोग काम कैसे कर रहे होंगे। युद्ध में लिप्त यूक्रेनी सेना के जवानों को खाना कौन पहुंचा रहा है। आम आदमी की दिनचर्या कैसे चल रही है। हाल ही में वहां से भारत लौटे मेडिकल के छात्रों के पुनरू वहां पहुंच जाने की खबरें पढ़कर बहुत चिंता में पड़ गया। जो छात्र वहां लौट रहे हैं उनका कैसा हाल होगा। उनके मां–बाप के दिल पर क्या गुजर रही होगी। वे लोग किन हालत में अपनी जिंदगी बिता रहे होंगे। बड़ी मुश्किल से तो हम लोग उन्हें युद्ध के दौरान वहां से ले आए थे अब वे लोग पुनरू उन्हीं हालात में पहुंच गए जिनकी जिम्मेदारी दूसरों की जिंदगी बचाने की है। उनकी खुद की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। उनके हालात सोचने पर रात भर नींद नहीं आती है। कई बार अपने देश के नेताओं की सोच पर भी बहुत आश्चर्य होता है। हमारी सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर के नया विकास कर रही हैं। नए संसद भवन बना रही है। बनारस, उज्जैन में मंदिरों के विकास व निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इतनी राशि में तो न जाने कितने मेडिकल कालिज खोले जा सकते है व हमारे बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ता पर हमारा तो ध्यान कहीं और है। हम तो बुलेट ट्रेन चलाना चाहते हैं। जब साल में सिर्फ एक दिन दीपावली की रात को पटाखे जलाने पर हमारी हालत इतनी खराब हो जाती है तो जिस यूक्रेन में इतनी जबरदस्त बमबारी हो रही हैं वहां की हालात कितनी खराब हो गई होगी। जरा सोचिए कि उन बच्चों की हालत क्या होगी जिन्होंने लगभग आधे साल से स्कूल का मुंह नहीं देखा। घर के पार्क में खेलने नहीं गए। नए कपड़े नहीं पहने। अपने जन्मदिन मनाना तो बहुत दूर की बात है। वे अपने घरों तक से सैकड़ों हजारों किलोमीटर दूर देशों में शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। उनके खिलौने से लेकर घर तक बरबाद हो गए हैं। इसलिए मुझे कई बार लगता है कि कहीं इसमें भी ईश्वर की कुछ भूमिका तो नहीं जिस कारण उसने रूसी राष्ट्रपति पुतिन का दिमाग भ्रष्ट कर दिया है व ताईवान के मुद्दे पर अमेरिका व चीन के बीच टकराव बढ़ा दिया है। करीब दो दशक पहले अमेरिका में बिन लादेन सरीखे आतंकवादी गुटों द्वारा वहां पर टवीन टावर का विमानों से किया गया हमला नजर आता है। इसके बाद ही अमेरिका ने बिन लादेन की हत्या की व अफगानिस्तान में आतंकवादियों से निपटने की आधी अधूरी कोशिश की। क्योंकि बिन लादेन व उसके गुट के आतंकवादियों से निपटने में किसी और देश की हिम्मत नहीं थी पर जिस तरह से यूक्रेन के निर्दोष लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है उसे देखकर मैं बहुत दुखी हूं। देखना यह है कि भगवान की इस पहल का संतोषजनक हल कब मिलता है व एक व्यक्ति के मनमानेपन से लोगों को कब राहत मिली है।



# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग जख्मी

## प्राथमिक उपचार के बाद किया गया जिला अस्पताल रेफर

सेवता (सीतापुर)। थाना रेउसा क्षेत्र में रेउसा और बिसवां हाइवे मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग जख्मी हो गये। दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया। जहाँ दोनों का चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार जारी है। सकरन थाना क्षेत्र के जालिमनगर गांव निवासी बीरेंद्र मौर्य 45 द्वारिका प्रसाद विद्यावती 40 पत्नी बीरेंद्र मौर्य दोनो लोग घर से बाइक पर सवार होकर पति पत्नी सेवता कस्बे को आर्यावर्त बैंक को रुपया निकालने आये थे। बैंक से धनराशि निकालने के बाद दोनों लोग बाइक पर सवार होकर वापस अपने किसी नजदीकी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। बाइक से दोनों लोग रग्घुपुरवा गांव से ज्यों ही अपनी मोटसाइकिल बिसवां की ओर से मोड़ी उसी समय बिसवां की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक नंबर यूपी 40 टी 4961 बहराइच की तरफ जा रहा था। ट्रक ने बाइक को बचाने के चक्कर में रोड के किनारे खड़ी दूसरी मोटसाइकिल यूपी 34बीके 1830 को सामने से जोरदार टक्कर दे दी। साथ ही मोटसाइकिल सवार वीरेंद्र भी पत्नी सहित मोटसाइकिल लेकर ट्रक मे टकरा गया। जिस वजह से वीरेंद्र और उनकी पत्नी घायल हो गये। वीरेंद्र का दाहिना पैर टूट गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ईश्वर की विशेष कृपा रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना के बाद ट्रक चालक परिचालक ट्रक को छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुँची रेउसा पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया। बीट इंचार्ज उपनिरीक्षक अमित दुबे ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा गत किसान दिवस की बैठक में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण कर अनुपालन आख्या एक सप्ताह में उप कृषि निदेशक सीतापुर को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 32000 कृषकों ने फसल बीमा कराया था। उनकी क्राप कटिंग कराई जा रही है। जिसमें गत वर्ष की अपेक्षा 20 प्रतिशत उपज में कमी आ रही है।

जिसका मुआवजा बीमा कम्पनियों द्वारा दिया जायेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा० दयाशंकर श्रीवास्तव द्वारा कृषकों को जानकारी दी गयी कि रबी की फसलों की बुवाई विलम्ब से हो रही है। अतः सरसों की प्रजाति पीतांबरी व पीली सरसों व काली सरसों में गिरिराज की बुवाई, बीज शोधन, भूमि शोधन करने के उपरान्त करें। प्रगतिशील कृषक आर0पी0 सिंह चौहान ने बताया गोबरहिया नदी पर पुलिया टूटी है, लेकिन पी0डब्लू0डी० विभाग द्वारा नहीं बनवाई जा रही है। जब तक निर्माण कार्य नहीं हो रहा है, तब तक वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाये। किसान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें विद्युत विभाग से प्राप्त हुयी। अधि0अभि० विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय सुधीर भारती द्वारा विद्युत से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र कराये जाने के लिये आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर, भूमि संरक्षण अधिकारी महोली आर0के0 यादव, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारी समितियां एनसी शुक्ला, के साथ ही किसान दिवस से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी एवं किसान भाई तथा विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित हुये।

# योगी राज सत्ता परंपरा के ही योगी हैं, ऋषि, मुनि ,संत को राजनीति में नहीं: प्रेमभूषण

हरदोई। संत ,ऋषि, मुनि को राजनीति में नहीं आना चाहिए लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो राज सत्ता परंपरा के ही योगी हैं, किसी व्यक्ति को भाव समझ में आ जाए तो जीवन में कभी अभाव नहीं रहता है। सनातन सद्ग्रन्थों की सीख यही है कि योग्य उत्तराधिकारी का चयन करने के क्रम में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। अगर योग्य व्यक्ति का चुनाव नहीं किया गया तो परिणाम खराब होना तय होता है। मानस मर्मज्ञ और श्रीराम कथा गायन के लिए विश्व प्रसिद्ध कथावाचक प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने कैम्ब्रिज स्कूल के प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के पाँचवे दिन उक्त सिद्धांत बताते हुए कहा कि योग्यतम व्यक्ति की जगह किसी भी प्रकार के आरक्षण से चयनित व्यक्ति पद की आवश्यकता के अनुरूप व्यवहार करने में हर तरह से विफल होता है। पूज्य श्री ने कहा कि अपने उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए सनातन परम्परा में तीन प्रकार की विधि है, राज परम्परा, गुरू परम्परा और पितृ परम्परा। स्वर्गीय उपेन्द्र तिवारी जी की स्मृति में राज्य मंत्री रजनी तिवारी जी के पावन संकल्प से आयोजित कथा में पूज्य महराज जी ने श्री रामचन्द्र जी की वनलीला प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का वनवास नहीं हुआ। भगवान ने स्वयं धरती से अशुभ शक्तियों को मिटाने के लिए वन यात्रा लीला की रचना की। देवताओं को प्रेरित करके इसकी रचना बनायी। ऋषि–मुनि के राजनीति में आने के बारे में पूज्य महाराज जी ने कहा कि संत , ऋषि–मुनि को राजनीति में नहीं आना चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री आदरणीय योगीजी तो राजसत्ता परम्परा के ही योगी हैं। योगी अर्थात वो जो भगवान से जुड़ा हुआ है। पूज्य महाराज जी ने कहा कि रामजी को विष्णु जी का अवतार कहने की गलती न करें। भगवान राम और कृष्ण ब्रह्म के अवतार हैं। भगवान और देवता में भेद समझने का प्रयास करें। पूज्यश्री ने कहा कि अगर आप अपने घर पर पँचदेव की पूजन की परम्परा का पालन नहीं करते हैं तो फिर अपने बच्चों के संस्कार में विकार की चिंता क्यों करते हो? कथा के क्रम में दर्जनों भजनों के गायन ने श्रोताओं को झूमने के लिए बाध्य कर दिया।

हजारों भक्तों की उपस्थिति के बीच पाँचवे दिन के कार्यक्रम में राजय् के कई मंत्रीगण अध्यक्ष विधानसभा सतीश महाना, मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्रा 'दयालु' जी, राज्यमंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम, राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल ,राज्यमंत्री सुरेश राही, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, विधायक रामपाल वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा सौरभ मिश्रा, भाजपा नेता पारुल दीक्षित, जिला मंत्री अविनाश पांडे आदि विशिष्ट जन भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपदीय श्रम बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय श्रम बन्धु समिति की बैठक आहूत की गयी। सहायक श्रमायुक्त उमेश कुमार ने बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत किया। जिसमें बाल श्रमिकों का चिन्हांकन, बन्धुआ श्रमिकों का चिन्हांकन एवं पुनर्वासन, असंगठित क्षेत्र में कार्यशील श्रमिकों का श्रम एवं भारत सरकार द्वारा संचालित ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन, निर्माण स्थल इकाइयों का अधिष्ठान पंजीयन, उपकरण संग्रहण, आयुष्मान कार्ड की प्रगति आदि योजनाओं की एक–एक करके समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि लेबर चौराहों पर सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित होर्डिंग लगाई जाये और कैम्प लगाकर सरकार की योजनाओं के प्रचार–प्रसार के साथ उनका पंजीकरण भी करवाया जाये। सभी औद्योगिक केन्द्रों पर श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की वॉल पेंटिग करवायी जाये। साथ ही उन्होनें निर्देश दिये की पंजीकृत श्रमिकों की सूची तैयार कर ली जाये ताकि उनका आयुष्मान कार्ड जारी हो सके। उन्होनें संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय आने वाले श्रमिकों से कोई अनुचित व्यवहार न करें इस पर विशेष ध्यान रखा जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, सहायक श्रमायुक्त उमेश कुमार, व्यापार मण्डल के भगवती प्रसाद गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंदिरों के पास न लगे गलत खानपान की दुकानें व ठेले: मुकुल सिंह

हरदोई। जिले के एक भाजपा नेता ने अनोखी मांग की है। भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने मांग की है कि मंदिरों के पास मांस और अंडे की दुकानों को लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाए क्योकि ऐसा होने से उनकी भावनाएं आहत होती है। उन्होंने कहा है कि एक धर्म विशेष के लोगों के द्वारा चिन्हित करते हुए मंदिरों के आसपास ही चिकन मटन व अंडे की ठेले लगाने का काम किया जा रहा है जिससे साफ पता चलता है कि जानबूझकर बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को आहत किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया है कि नगर के सिनेमा चौराहा के निकट स्थित हनुमान मंदिर से मौनी बाबा मंदिर के बीच की दूरी करीब सौ से डेढ़ सौ मीटर की होगी लेकिन इनके बीच में 3 से 4 दुकानें चिकन व मटन की लगी हुई हैं जिससे हमारी भावनाएं आहत हो रही हैं। भाजपा नेता मुकुल ने हरदोई जिला प्रशासन से माँग की है कि इन सभी दुकानों को मंदिर के पास से हटवाया जाए। इसके साथ ही श्री सिंह ने ऐसा करने वाले धर्म विशेष के लोगों से भी अपील की है कि वह मंदिरों के पास इन सब चीजों की दुकानें व ठेले न लगाएं।

# किराना व्यापारी से दिन दहाड़े मारपीट कर 14 हजार रुपए छीने

हरदोई ।पचदेवरा थाना क्षेत्र के अनंगपुर गांव में एक बाइक सवार युवक से गांव के ही दबंग ने रंगदारी में मारपीट कर 14 हजार छीन लिये ।व्यापारी की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अनंगपुर निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र निर्मल सिंह की अनंगपुर में शाहाबाद रोड पर किराना की थोक दुकान है ।बुधबार को दोपहर करीब 2 बजे दुकान से सत्येंद्र अपने काम से बाइक लेकर जा रहे थे ।तभी रास्ते में अनंगपुर निवासी रोहित सिंह बाइक रोककर सत्येंद्र से मारपीट करने लगा ।तथा रोहित ने सतेंद्र से मारपीट कर उसकी जेब मे पड़े चौदह हजार रुपये छीन कर फरार हो गया ।रोहित के जाने पर किराना ब्यापारी सत्येंद्र अपनी दुकान पर पहुँच और घटना की सूचना अपने परिजनों को दी ।पीड़ित व्यापारी ने आरोपी रोहित के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी ।किराना ब्यापारी सत्येन्द्र ने बताया कि रोहित ने रेकी कर घटना को अंजाम दिया ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गंगादूतों ने गंगा आरती और गंगा के लिए जागरूक किया

हरदोई। नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत विकास खण्ड मल्लावां के गंगा ग्राम–शाहपुर पंवार पंसाला के आश्रम में स्पेयरहेड और गंगा दूतों ने मिलकर योग, वृक्षारोपण, स्वच्छता कार्यक्रम के साथ साथ गंगा ग्राम में जनजागरूकता रैली निकाल कर लोगो को मां गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय लोगो के साथ गंगा आरती का भी आयोजन किया गया। जानकारी को साझा करते हुए, जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया, की घाट पर योग कार्यक्रम लोगों को स्वस्थ रहने के लिए अधिक से अधिक अपने जीवनचर्या में योग को बढ़ाना है। साथ ही नमामि गंगे द्वारा अर्थ गंगा कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिससे गंगा ग्राम के लोगों और गंगा के ऊपर निर्भर रहने वाले लोगों को जीविकोपार्जन को बढ़ाना एवम आर्थिक मजबूती देना है। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम गंगादूत संदीप राजपूत, अरविंद राजपूत, बलिराम राजपूत, विजयपाल, कंचन, अंजनी, रंजीत, सुरेश वर्मा, और रामकुमार बाबा आदि ने किया।

# कछौना पुलिस ने लूट की घटना में 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

## लूटे गये जेवरात,अवैध शस्त्र व घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

हरदोई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा चलाए जा रहे अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी और सी ओ बघौली विकास जायसवाल के निकट पर्यवेक्षण में कछौना पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा किया है ।उक्त जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक ने बताया। थाना कछौना क्षेत्रान्तर्गत शाम के समय गढी कमालपुर रोड पर जा रहे महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर आभूषण लूटे जाने की घटना हुई थी। स्थानीय पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुये पीड़ित की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 473/22 धारा 394 भादवि पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु 3 टीमों का गठन कर मुखबिरों को मामूर किया गया। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी भी गहनता से चौक किये गये। इसी क्रम में थाना कछौना पुलिस टीम व क्षेत्राधिकारी बघौली क्राइम टीम ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत वांछित संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में थे कि तभी सूचना मिली कि फेस को जाने वाले रोड नं0 1 पर मोड़ के निकट दो व्यक्ति खड़े हैं, जिनके पास अवैध शस्त्र भी है। इस सूचना पर थाना कछौना पुलिस टीम व क्षेत्राधिकारी बघौली टीम द्वारा 02 व्यक्तियों को घेराबंदी कर मौके से ही पकड़ लिया गया। दोनों व्यक्तियों से नाम व पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो पहले ने अपना नाम रूबीन पुत्र सुल्तान निवासी ग्राम मिरजानपुर थाना कछौना जनपद हरदोई बताया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक जोड़ी कान की झुमकी पीली धातू व दूसरे ने अपना नाम यसवंत पुत्र वृजमोहन निवासी मो० बड़ा बाजार सिधियों का चौक थाना कोतवाली शहर, बीकानेर राजस्थान बताया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद पीली धातू की अंगूठी व एक अदद पेण्डल पीली धातु बरामद किया गया। दोनो अभियुक्तों से बरामदशुदा आभूषण का कुल वजन 19.51 ग्राम जिसका बाजार मूल्य करीब 1,00,000 रूपये है। दोनों अभियुक्तों के कब्जे से बरामद आभूषण के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम दोनों ने सोमवार की शाम के समय गढ़ी कमालपुर की ओर अपने परिजन के साथ आ रही महिला राहगीर से यह आभूषण लूटे व महिला के साथ मौजूद एक व्यक्ति द्वारा विरोध करने पर उसको घायल कर अपनी मोटरसाइकिल से भाग गये थे तथा आज हम दोनों लूटे हुये माल को लखनऊ बेचने की फिराक में थे। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर बताया था कि उक्त मोटरसाइकिल अपने परिचित शुभम तिवारी पुत्र राजेश तिवारी निवासी ग्राम मुरादनगर थाना सण्डीला से प्राप्त की थी, जोकि थाना कछौना के रैसो गांव से चोरी की गयी थी, जिसके संबंध में थाना कछौना पर अभियोग पंजीकृत है। पकड़े गये दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# पटाखा व बनाने के उपकरण के साथ एक गिरफ्तार

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला सन्त नगर में एक पटाखा बनाने वाले अवैध कारखाना सहित भारी मात्रा में पटाखा व पटाखा बनाने के उपकरण सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कस्बा के मोहल्ला संत नगर में चेकिंग के दौरान एक अवैध पटाखा बनाने वाली कारखाने को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री से 8 किलो मुर्गा पटाखा, 47 फुलझड़ी पटाखा व पटाखा बनाने वाले उपकरण बरामद किए गये हैं और एक व्यक्ति उस्मान पुत्र रहमत अली निवासी मोहल्ला सन्त नगर कस्बा सिधौली को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है।

# नदियों के जलस्तर में कमी, थमा कटान का सिलसिला

रेउसा (सीतापुर)। . घाघरा और शारदा नदियों के जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। वहीं नदियों के कटान करने का सिलसिला थम गया। तटवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को नदी के कटान से राहत मिली। वहीं गांव से बाढ़ का पानी निकल गया था। कीचड़ जैसी समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप एवं गंदगी से गौलोक कोडर गाँव के करीब आधा दर्जन मजरों के एक सैकड़ा बच्चे महिलाएं ग्रामीण बुजुर्ग जुखाम बुखार खांसी फोड़ा फुंसी आदि समस्याओं से परेशान है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा की दो स्वास्थ्य टीम गार्गी पुरवा जंगल टपरी पासिन पुरवा लोध पुरवा मल्लापुर काशीपुर बडहिनपुरवा गांव पहुंचकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाई वितरण की गई। स्वास्थ्य टीम द्वारा 472 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मलेरिया जांच 36 मरीजों का किया गया सभी मरीज नेगेटिव पाए गये। स्वास्थ्य टीम में डॉक्टर निर्मला चौधरी, आदर्श, पंकज, रामेश्वर, भूपेंद्र, अवनीश मिश्र मौजूद रहे।

# नेत्रदान कराकर लोगों को देखने में सक्षम बना रही एक संस्था

सीतापुर। महर्षि दधीचि की तपस्थली में देहदान और नेत्रदान की परंपरा बढ़ती जा रही है। नेत्रदान–महादान, सीतापुर के बाशिंदों के लिए यह महज एक नारा नहीं है। यहां के लोग नेत्रदान के महत्व को भली भांति समझ चुके हैं। यही कारण है कि यहां लोग अब जागरूकता की रोशनी से दूसरों के जीवन में खुशियां बिखेरने में पीछे नहीं हैं। जिले में सक्षम संस्था की ओर से नेत्रदान की शुरुआत फरवरी 2008 में की गई। सक्षम संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री अविनाश अग्निहोत्री ने नागपुर (मध्य प्रदेश) से सीतापुर आकर नेत्रदान की शुरुआत की। उन्होंने शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. प्रमोद धवन, सुभाष अग्निहोत्री, महेश अग्रवाल, स्व. यशवंत शाह, स्व. रमेश अग्रवाल आदि प्रबुद्ध लोगों को अपने अभियान से जोड़ा। मार्च 2008 में शहर के स्वरूप नगर मोहल्ला निवासी व्यापारी पृथीपाल सिंह का पहला नेत्रदान हुआ। इसके बाद सक्षम संस्था का विस्तार करते हुए अक्टूबर 2008 में व्यापारी नेता संदीप भरतिया को जिलाध्यक्ष, मुकेश अग्रवाल को महामंत्री और विकास अग्रवाल को मीडिया प्रभारी के रूप में संस्था में शामिल किया गया। इस युवा टीम ने नेत्रदान को गति देने का काम किया। इस युवा टीम ने सीतापुर आंख अस्पताल के साथ मोतियाबिंद शिविरों में जाकर लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया। सक्षम संस्था की ओर से 220 नेत्रदान कराए जा चुके हैं। इन सभी कॉर्निया को सीतापुर आंख अस्पताल की सीएमओ कर्नल डॉ. मधु भदौरिया की देखरेख में प्रत्यारोपित किया जा चुका है। क्या कहते हैं जानकारः सीतापुर आंख अस्पताल की सीएमओ कर्नल डॉ. मधू भदौरिया का कहना है कि नेत्रदान कम होने से जरूरतमंदों के जीवन का अंधेरा दूर नहीं हो पा रहा है। नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करना एक साझा प्रयास है। इसके लिए हर किसी को आगे आने की जरूरत है। मृत्यु के छह से आठ घंटे के अंदर कॉर्निया निकाल लिया जाना चाहिए। कॉर्निया निकालने में 15–20 मिनट लगते हैं।

'कौन कर सकता है नेत्रदानः सक्षम संस्था के जिलाध्यक्ष संदीप भरतिया कहते हैं कि किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति मृत्योपरांत ही नेत्रदान कर सकता है। कैंसर, बलड प्रेशर और शुगर के मरीज भी नेत्रदान कर सकते हैं। लेकिन एड्स, सिफलिस, रक्त संबंधी इन्फेक्शन और रेबीज के मरीज कॉर्निया दान नहीं कर सकते हैं। उनका यह भी कहना है कि नेत्रदानी परिवार को संस्था द्वारा सम्मानित भी किया जाता है।

कैसे होता है नेत्रदानः नेत्रदान करने के लिए आपको किसी आई बैंक में जाकर अपना पंजीकरण कराना होता है। आई बैंक द्वारा आपसे एक फार्म भरवाया जाता है। जिसमें आपको यह घोषणा करनी होती है कि आप स्वेच्छा से मृत्यु के बाद अपनी कॉर्निया दान करना चाहते हैं। यदि किसी व्यक्ति ने पंजीकरण नहीं कराया है तो उसके परिवारीजन आईबैंक को जानकारी देकर कॉर्निया दान कर सकते हैं।

# एडीएम की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की समीक्षा बैठक

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, वन विभाग, खनन, मण्डी समितियों, विद्युत विभाग द्वारा की गयी वसूली की एक–एक करके समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि लक्ष्य को सभी विभाग समय से पूर्ण करें। साथ ही वाणिज्य कर विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शत–प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जाये। उन्होंने धान की खरीद की जानकारी ली तथा संबंधित को निर्देश दिये कि मानक के अनुरूप धान की खरीद की जाये। उन्होंने कहा कि धान की कितनी खरीद हुयी, कितना धान आढ़तियों को दिया गया तथा कितना सेंटर पर है के प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोरी

देसही देवरिया। नौतन हथियागढ़ चौराहा स्थित एक सहज जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर रात लाखों रुपये की चोरी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महुआडीह थानाक्षेत्र के रामपुर दुल्लह गांव के रहने वाले सुनील प्रसाद रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के नौतन हथियागढ़ चौराहा पर शोभा कम्युनिकेशन के नाम से सहज जन सेवा केंद्र चलाते हैं। शाम को घर पर किसी की तबीयत खराब होने की चलते वह कुछ घंटे पहले ही दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह दुकान के शटर का ताला टूटा देखकर पड़ोसियों ने शोर मचाया। मौके पर जुटे लोगों ने सुनील को मामले की जानकारी दी। सुनील प्रसाद ने ने बताया कि दो लैपटॉप, प्रिंटर, लैमिनेशन मशीन, इन्वर्टर, बैटरी आदि सब चोरी हो गया। चोर काउंटर तोड़कर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपये भी चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चोरी की जानकारी है। जांच–पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी में दिख रहे बाइक सवार चोरः जन सेवा केंद्र के बगल की एक दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। उसमें दिख रहा है कि रात एक बजे एक बाइक पर सवार दो युवक आए। बाइक खड़ी कर चोरी की घटना को अंजाम दिए। पुलिस फुटेज भी खंगाल रही है।

## डेंगू के लक्षण वाले दो मरीज मिले

देवरिया। डेंगू पांव पसार रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मरीज मिल रहे हैं। डेंगू के दो संभावित मरीज मिले हैं। उनका इलाज मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में चल रहा है। दोनों की जांच के लिए ब्लड का सैंपल भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही पुष्टि हो सकेगी। खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव की 55 वर्षीया महिला को चार दिन पहले बुखार हुआ। प्राइवेट में दवा कराने के बाद भी आराम नहीं मिला। इसके बाद शाम परिजन लेकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे, जहां इलाज शुरू हुआ। इसके बाद लक्षण के आधार पर आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। वहीं, मदनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक तीन माह पहले लखनऊ गया था। रविवार को बुखार से पीड़ित हो गया। दवा ली लेकिन आराम नहीं मिला। वहां से घर आ गया। इसके बाद सुबह जिला अस्पताल पहुंचा, जहां आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में तीन मरीज भर्ती हैं। उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल में दवा व बेड की सुविधा उपलब्ध है।

## डेंगू से बचने के लिए रहें सतर्क, त्वरित कराएं इलाज

महराजगंज। डेंगू से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के नोडल अधिकारी डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि यदि डेंगू के लक्षण दिखें तो नजदीक के सरकारी अस्पताल पर जाकर चिकित्सक को दिखाएं तथा जांच कराएं। झोलाछाप के चक्कर में न पड़ें। डेंगू की प्राथमिक जांच के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डेंगू जांच की सुविधा उपलब्ध हैं। यदि किसी को डेंगू है और उसे काटने वाला एडीज प्रजाति का मच्छर किसी अन्य व्यक्ति को काटता है तो उस व्यक्ति को भी डेंगू हो जाता है। ऐसे में बचाव सबसे बेहतर उपाय है। जिला मलेरिया अधिकारी त्रिभुवन चौधरी ने बताया कि डेंगू के मरीजों के घर के आसपास के 160 व्यक्तियों का सेंपल लेकर डेंगू की जांच कराई गयी। सभी के रिपोर्ट निगेटिव मिले हैं। मिठौरा क्षेत्र के निवासी अखिलेश ( 27 ) ने बताया कि सितंबर में गुजरात घुमने गए थे। वहीं पर हल्का फुल्का बुखार आने लगा तो वह घर चले आए। इलाज के लिए अस्पताल गए। वहां 24 सितम्बर 2022 को जांच हुई तो डेंगू की पुष्टि हुई। वहीं से इलाज हुआ। अब वह पूरी तरह से ठीक हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

घुघली। गोरखपुर–नरकटियागंज रेल मार्ग खुशहालनगर रेलवे स्टेशन फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। लगभग 4 बजे ग्राम सभा मेदनीपुर के अहिरौली टोला निवासी भूखू (55) खुशहालनगर रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। जखिरा चौकी प्रभारी रमेशचंद्र वरूण ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## पिता पुत्र पर केस दर्ज

पनियरा। दहेज उत्पीडन के मामले में पिता व पुत्र पर केस दर्ज हुआ है। ग्राम सभा तेन्दुअहिया निवासी आशा देवी अपने पति प्रदीप विश्वकर्मा व ससुर सीताराम के खिलाफ पनियरा पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उसने आरोप लगाया कि पति व ससुर हमको दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता है। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह का कहना है कि आरोपी पति प्रदीप विश्वकर्मा व ससुर सीताराम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धारा के तहत केस दर्ज किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

फरेंदा। फरेंदा खुर्द के टोला रगड़गंज में एक युवक का शव छप्पर में फंदे के सहारे लटकता मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल मे जुट गई। फरेंदा थाना क्षेत्र के फरेंदा खुर्द निवासी प्रेम उर्फ मन्नू मद्धेशिया 35 का शव ... दोपहर एक छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे के सहारे लटकता मिला। युवक के घुटने जमीन पर थे और गले मे साड़ी का फंदा बंधा था। परिजन भी घर पर नहीं थे। गांव के बच्चों ने खेलते समय युवक के शव को देखकर शोर मचाया तो भीड़ जुट गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

धानी बाजार। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धानी–बृजमनगंज मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। ग्राम सभा कानापार के टोला ढोंढ़घाट निवासी दिनेश कुमार (32) धानी से घर जा रहा था। वह कटहवा पुल के पास पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी धानी रमेश पुरी ने बताया कि तहरीर के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल में एक ट्रक एवं एक पिकअप चीनी बरामद

ठूठीबारी। नेपाल के नवलपरासी जिले के बर्दघाट सुस्ता पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्र में कस्टम विभाग ने दो ट्रक एवं एक पिकअप चीनी बरामद किया है। महेशपुर भंसार कार्यालय के अधीक्षक राम प्रसाद आर्यल ने बताया कि .. सुबह नवलपरासी जिले के प्रतापपुर वार्ड नंबर 2 सेमरी व रामग्राम वार्ड नंबर 12 कुनवार से भारतीय सीमा क्षेत्र से लाया गया दो ट्रक, एक पिकअप चीनी बरामद किया गया। पकड़े गए ट्रक व पिकअप पर लदे चीनी की कीमत 21 लाख पचास हजार रुपये बताया जा रहा है।

# डायरिया मरीजों से मिले कृषि मंत्री, जाना हाल

देवरिया। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल के डायरिया तथा डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में मरीजों से उनका हाल जाना। साथ ही इलाज की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बीमारी से बचाव के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही लाव–लश्कर के साथ मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल पहुंचे। वह डायरिया के मरीजों के लिए बने वार्ड में पहुंचे। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही मिल रहे इलाज की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसके बाद मेल मेडिकल वार्ड का भी निरीक्षण कर मरीजों का हाल जाना। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को डेंगू और डायरिया से संबंधित बचाव की जानकारी का बैनर जिला अस्पताल के साथ–साथ सभी सीएचसी और पीएचसी पर लगाने के लिए कहा। यह भी कहा कि लोगों के बीच पंफलेट वितरित कराए जाएं। ताकि लोगों को तेजी से फैल रहे डेंगू और डायरिया के बारे में तथा उससे बचाव की जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि सीएचसी में एक वार्ड डेंगू और डायरिया के मरीजों के लिए तत्काल शुरू किया जाए। कृषि मंत्री ने सीएमओ डॉ. राजेश झा को मोबाइल पर निर्देश दिए कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर डायरिया और डेंगू की दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। पर्ची के साथ मरीजों को डायरिया और डेंगू से बचाव का पंफलेट दिया जाए। डायरिया और डेंगू के फैलने के कारणों तथा उससे बचाव की जानकारी लोगों दी जाए।

उन्होंने कहा कि डायरिया और डेंगू को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। शिकायत होने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश बरनवाल, सीएमएस डॉ. एएम वर्मा, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. अजित पाल, डॉ. एचके मिश्रा, डॉ. जितेंद्र प्रताप राव, श्रीनिवास मणि, अंबिकेश पांडेय, अंकुर राय, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने नकदी व लाखों के आभूषण उड़ाए

## बरियारपुर के रामपुर वार्ड का मामला, पुलिस जांच में जुटी

बरियारपुर। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या–11 रामपुर में रात एक घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण व 15 हजार रुपये नकदी उड़ा दी। सुबह चोरी का पता चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल की तो वार्ड के बाहर एक खेत में चोरी गए कुछ सामान बिखरे पड़े थे। एसपी के आदेश पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से फिंगर प्रिंट लिया। बरियारपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या–11 रामपुर के रहने वाले संजय यादव किसान हैं। जबकि उनके छोटे भाई परिवार लेकर बाहर रहते हैं। मकान में एक तरफ संजय का परिवार रहता है तो दूसरी ओर उनके भाई के हिस्से में भोजन पकाया जाता है। रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए। सुबह उठने पर कमरों के दरवाजे खुले देख परिजनों के होश उड़ गए।

घर के कमरों में रखी आलमारियों के ताले टूटे पड़े थे व कीमती कपड़ों से भरे सूटकेस गायब थे। चोर छत के रास्ते घर में घुसकर आलमारियों में रखे लाखों रुपये के आभूषण व 15 हजार नकदी व कीमती कपड़े चुरा कर फरार हो चुके थे। परिजनों की शिकायत पर पहुंची पुलिस लोगों के साथ पड़ताल की तो वार्ड के बाहर खेत में बिखरे समान पाए गए। एसओ प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की शिकायत मिली है। जांच की जा रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## देवरिया के लाल चंद्र प्रकाश मणि का अक्षय कुमार अंतरराष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में चयन, पूर्वांचल के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर

देवरिया। गुजरात में हो रहे 14 वां अक्षय कुमार अंतरराष्ट्रीय कूडो टूर्नामेंट प्रतियोगिता में देवरिया जिले के निवासी चंद्र प्रकाश मणि चयनित किए गए। उकातरसाडिया यूनिवर्सिटी बारडोली,सूरत में हो रहे आगामी 24,25 व 26 अक्टूबर को अक्षय कुमार अंतरराष्ट्रीय कूडो टूर्नामेंट में बैतालपुर के बेलही तिवारी निवासी चंद्र प्रकाश मणि पुत्र स्व. लव कुश मणि का चयन हुआ है।



वे अंतर्राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में सीनियर भार वर्ग में 61 किलो कैटेगरी में देवरिया,उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस उपलब्धि का श्रेय चंद्र प्रकाश मणि ने अपने गुरुजनों, माता पिता सहित सगे संबंधियों एवं मित्रों को दिया है। चंद्र प्रकाश मणि का कहना है कि बिना गुरु के इतनी बड़ी सफलता नहीं मिलती है। चंद्र प्रकाश मणि की इस सफलता पर पूर्वांचल के खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर है। चंद्रप्रकाश के इस सफलता पर सूर्य तीर्थ सूर्यकुंड धाम विकास समिति, तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन, योद्धा क्लब, पर्यावरण सेना, पर्यावरण मित्र मिशन सहित प्रसार भारती के पूर्व सहायक निदेशक एवं पर्यावरण मित्र मिशन के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक डॉ तहसीन अब्बासी,वरिष्ठ पत्रकार प्रोफेसर शैलेंद्र मणि त्रिपाठी, पूर्व मेयर डॉक्टर सत्या पांडेय, पर्यावरण कार्यकर्ता संतोष मणि त्रिपाठी,पवन गुप्ता,नसीम अंसारी, साहेब राम, अनुराग गौड़ इत्यादि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उत्कृष्ट समाचार से मणि परिवार,इष्ट मित्र व बेलहीं तिवारी गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है।

# हेमंत ऋतु में मधुर, खट्टा एवं नमकीन आहार लाभदायक : प्रो. एसएन सिंह

महराजगंज। आईटीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज चेहरी की ओर से हर घर, हर दिन आयुर्वेद मुहिम के तहत ग्राम सभा सवरेजी में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य चौपाल का आयोजन किया गया। प्रो. डॉ. एसएन सिंह ने आयुर्वेद में हर एक ऋतु के अनुसार आहार एवं विहार के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत ऋतु मध्य अक्तूबर से मध्य दिसंबर तक होता है। यह समय दक्षिणायन विसर्ग काल के अंतर्गत आता है। इस अवधि में शारीरिक बल बढ़ा हुआ रहता है। अतरू इस काल में अत्यधिक पोषण के कारण होने वाली व्याधियों को आहार एवं विहार नियंत्रित करना चाहिए। हेमंत ऋतु में मधुर ,खट्टा एवं नमकीन पदार्थ लेना, दूध, दही, घी लेना, शहद एव गुनगुने पानी का सेवन हितकर है। उन्होंने कहा कि कुछ आहार ऐसे हैं, जिसे विपरीत ऋतु में लेने से शरीर के अंदर बीमारियां पैदा होती हैं, इसलिए इस ऋतु में तीखा, कड़वा, कषाय रस युक्त भोजन, उपवास, शीतल जल व शीतल वातावरण का प्रयोग बिल्कुल भी न करें। इसके प्रयोग मात्र से ही रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है। डॉ. किरण ने वात पित्त कफ का सिद्धांत ग्रामीणजन को विस्तार से बताया। पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. कृति ने कहा कि पंचकर्म के लिए यह मौसम लाभदायक है। पंचकर्म द्वारा अपने जीवनी शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। जब जीवनी शक्ति बढ़ेगी तो असीम ऊर्जा की अनुभूति भी होगी। शल्य कर्म विशेषज्ञ डॉ. नीथू ने कहा कि ज्यादा मसालेदार, तीखा और फास्ट फूड से बवासीर होने का खघ्तरा रहता है, इसलिए बचाव जरूरी है। प्राचार्य डॉ. गौथमन ने कहा कि जब सभी जन सामान्य आयुर्वेद के प्रति जागरूक होंगे, तो चिकित्सा के दुष्प्रभाव एवं अनावश्यक खर्च से भी बच सकेंगे। इस दौरान डॉ. आशुतोष, प्रज्जु, राहुल, ग्राम प्रधान अवधेश पांडेय आदि मौजूद थे।

## कबड्डी प्रतियोगिताः बुलंदशहर विजेता, लक्ष्मीपुर उपविजेता

लक्ष्मीपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत पैसिया ललाइन में जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता के चौथे दिन 36 टीमों ने जोर आजमाइश की। मुख्य अतिथि लक्ष्मीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुदीश पांडेय ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। फाइनल में बुलंदशहर ने लक्ष्मीपुर को 32–20 से हराकर जीत हासिल की। सेमीफाइनल मैच में लक्ष्मीपुर ने आजादनगर को 45–31 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल मैच में बुलंदशहर ने देवरिया 30–25 से हराया। इस दौरान परवेज अहमद, कन्हैया गुप्ता, रामप्रसाद, छोटन प्रसाद और परशुराम चौधरी आदि मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से बैंक में लगी आग

ठूठीबारी। स्थानीय नगर सहकारी बैंक शाखा में .. रात शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। हालांकि पुलिस व फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। रात करीब 10 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर बैंक में सायरन बजने लगा। जिससे आसपास के लोगों ने देखा तो बैंक परिसर से धुंआ निकल रहा था। कुछ देर में बैंक के कर्मचारी व पुलिस मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। कुछ देर बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची और आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया गया। ब्रांच मैनेजर शैलेष कुमार ने बताया कि कैश काउंटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व कुछ दस्तावेज को नुकसान पहुंचा है। कैश और अहम दस्तावेजों को नुकसान नहीं पहुंचा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और फर्नीचर को मामूली नुकसान पहुंचा है।

# मानवाधिकारों का उल्लंघन और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहींः ई. आर.के. श्रीवास्तव

गोरखपुर। तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन द्वारा पूर्व सूचना के अनुसार जिला अधिवक्ता बार महानगर मंत्री गोरखपुर ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागतोपरांत नव मनोनीत प्रदेश संगठन मंत्री ई0 आर. जेपी नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष, हीरा लाल गौड़, जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री डॉ0 शोभित, जिला मंत्री श्रीवास्तव, सुबास यादव, कैलाश यादव उ0प्र0 मा0शि0 संघ, चिकित्सा जगत से सैयद वसीम इक्बाल, संगठन के संस्थापक महासचिव शैलेंद्र कुमार मिश्रा, अनूप शुक्ला, अशोक तिवारी दिवानी बार गोरखपुर, योगेन्द्र कुमार मिश्रा एडवोकेट महामंत्री जिला कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन, रमाकांत पांडे उर्फ राजू प्रदेश कार्य समिति सदस्य उ०प्र० ठेकेदार संघ, डी एन सिंह ठेकेदार जन कल्याण समिति



एसोसिएशन गोरखपुर के सभागार में आयोजित बैठक में आगामी 10 दिसम्बर विश्व मानवाधिकार दिवस पर प्रायोजित कार्यक्रम के प्रगति पर चर्चा करते हुए संगठन के राष्ट्रीय ध्वज व प्रतीक चिन्ह पर अंकित श्लोगन पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए मूर्ति रुप दिए जाने के निर्णयोपरांत आमंत्रित अतिथि, ई0 आर.के. श्रीवास्तव को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष, योगेन्द्र कुमार मिश्रा एडवोकेट मंत्री जिला अधिवक्ता एसोसिएशन को प्रदेश संगठन मंत्री, राकेश श्रीवास्तव को सदस्य, राकेश पाण्डेय को जिला संयोजक, राजेश्वर पाण्डेय को सदस्य के मनोनयन एवं विशिष्ट आमंत्रित अतिथि संजय कुमार सिंह एडवोकेट, कोषाध्यक्ष जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन गोरखपुर को क्रमशः संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पांडेय (राजू पांडेय), विरेन्द्र वर्मा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, बृजराज सैनी जिलाध्यक्ष, रामचन्द्र दूबे जिलामंत्री, शमशेर जमा खान के. श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन एवं संगठन के उद्देश्यों को सशक्त एवं प्रभावशाली रुप में व्यवहारिक स्वरुप में स्थापित करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा और किसी भी दशा में मानवाधिकारों का उल्लंघन और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और आगामी 10 दिसम्बर विश्व मानवाधिकार दिवस पर प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन को अंतरराष्ट्रीय स्वरुप दिए जाने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

उपरोक्त कार्यक्रम में संरक्षक डा0 जेपी नायक प्रदेश उपाध्यक्ष उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ और संचालन संगठन के प्रदेश संयोजक ध्रुव नरायन सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सत्याग्रह कार्यक्रम में उपस्थित उच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश द्विवेदी, संरक्षक डॉ पीएन भट्ट, संरक्षक डॉक्टर गोविंद पांडे पर्यावरणविद एवं प्रवक्ता मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, विशिष्ठ अतिथि डॉ0 लखनऊ के प्रदेश उपाध्यक्ष, एडवोकेट संजय कुमार सिंह, ई. आर.के. श्रीवास्वत, लल्लन दुबे वरिष्ठ समाज सेवी, रामनिवास गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता जियाउद्दीन अन्सारी, राजेश शुक्ला अधिवक्ता कमिश्नरी बार गोरखपुर, अनूप कुमार मिश्रा एडवोकेट स्नेहा मिश्रा एडवोकेट दीवानी कचहरी गोरखपुर सत्यव्रत जायसवाल, विरेन्द्र कुमार वर्मा, विरेन्द्र राय, जिला मंत्री रामचन्दर दूबे, जिला संयोजक राजमंगल गौर,राहुल श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी शशी कांत, नानू अंसारी, बृजराज सैनी, संतोष गुप्ता, सुनील त्रिपाठी, देवांश माथुर, संजय गुप्ता, राजेश्वर पांडे, अमन कुमार, अजय पांडे, छेदी लाल पासवान, गोकुल गुप्ता, रीना शाही, राकेश कुमार श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, ऋत्विक मिश्रा, मनोज कुमार गुप्ता, नदीम अजीज, विशाल सिंह, सुधीर कुमार पांडे, शंकर नाथ, इत्यादि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 31 अक्टूबर को मनायी जायेगी भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती

महराजगंज। भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के रूप में सभी सरकारी कार्यालयों,शिक्षण संस्थानों में छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता अखंडता पर आधारित शपथ भी लिया जायेगा। माध्यमिक शिक्षा द्वारा विद्यालयों में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जीवनी, कार्य एवं दर्शन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि भी दी जाएगी। युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर पर युवक मंगलदल पुरूष एवं महिलाओं द्वारा युवाओं को जोड़ने व कार्य योजना तैयार कर कार्यक्रम किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र, ग्रामों में कार्यरत विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय एकता पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। आयोजनों के फोटोग्राफ व कार्यक्रम सम्बन्धी विवरण संस्कृति निदेशालय के पोर्टल **www.culturalevents.in** पर उपलब्ध करा सकते हैं।

# एनटीपीसी सिंगरौली, संजीवनी चिकित्सालय में आयुर्वेद शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में संजीवनी अस्पतालद्वारा आयुष मंत्रालय के दिशानिर्देश के अनुसारध्न्वंतरि जयंती एवंआयुर्वेद दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष 12 सितंबर–2022 से 23 अक्टूबर–2022 तक आयुष मंत्रालय द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयुर्वेदिक दिवसष्हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम के अनुसार मनाया जा रहा है। इस आयुर्वेद शिविर का उद्देश्य आम–जन को आयुर्वेद के बारे में जागरूक करना एवं आसदृपास के क्षेत्र में निरूशुल्क चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध करना था। इस आयुर्वेद शिविर का उद्घाटन डॉ एसके खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ एसके खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ)ने संजीवनी चिकित्सालय के सभी सदस्योंको आयुर्वेदिक शिविर आयोजन हेतु बधाई दी। डॉ एसके खरे ने सभी उपस्थित जनों को अपने जीवन प्रतिदिन दिनचर्या में आयुर्वेद को अपनाने हेतु भी आग्रह किया एवं कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली भविष्य में भी समग्र चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने हेतु सक्रिय कदम उठाती रहेगी। उन्होने सभी से निरूशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ उठाने की अपील की। इस आयुर्वेद शिविर में डॉ पी के पाण्डेय, आयुर्वेद विशेषज्ञ द्वारा 50 से ज़्यादा आस पास के आम जनों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर डॉ एस के खरे, सीएमओ, संजीवनी अस्पताल, डॉ. ए.के. मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ),डॉ सविता नायक,अपर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), एवं वरिष्ठ अधिकारीगण, संजीवनी चिकित्सालय के अन्य डॉक्टर एवं स्टाफ उपस्थित रहें।



# 33वां काशी प्रांतीय खेलकूद समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विद्या भारती काशी प्रांत भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा प्रांतीय खेलकूद समारोह का आयोजन 21, 22 एवं 23 अक्टूबर को विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के संयोजन में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम शक्तिनगर सोनभद्र में खेलकूद समारोह का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है संस्था का लक्ष्य है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण करने के लिए बालक को शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक एवं आध्यात्मिकता की जानकारी के उपरांत ही स्वास्थ्य मस्तिष्क का निर्माण संभव है इसके लिए बालक को खेलकूद एवं एथलेटिक गेम में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए विद्यालय को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता दिया गया है शैलेश श्रीवास्तव खेल प्रभारी ने संस्था के उपलब्धियों के बारे में बताया कि एसजीएफआई की प्रतियोगिता में सहभागिता के 3 वर्ष में ही विद्या भारती ने संस्कारों तथा अनुशासन के बल पर 2010 में एसजीएफआई से फेयर प्ले अवार्ड प्राप्त किया 2017–18 में विद्या भारती के छात्रों ने ऊंची छलांग लगाते हुए एसजीएफआई की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 54 स्वर्ण 78 रजत एवं 167 कांस्य सहित 299 पदक प्राप्त कर अंक तालिका में 11वां स्थान प्राप्त किया इस बार प्रांतीय खेलकूद के आयोजन में 12 शासकीय जनपदों के कुल 8 स्कूलों के 300 खिलाड़ी भैया बहन शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण चार वर्गों में प्रतिभाग करेंगे इस समारोह में उपरोक्त चार वर्गों की कुल दौड़ कूद कूद दौड़ कूद और फेंक की 25 प्रतियोगिताओ बच्चों को कौशल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा विद्यालय द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न कराने के लिए संपूर्ण तैयारी कर लिया है।




# गन्ना,धान खरीद तथा पेट्रोल पम्प में घटतौली की शिकायतें न आये : मंत्री आशीष पटेल

लखनऊ। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट–माप मंत्री आशीष पटेल ने विधानसभा के मुख्य भवन स्थित सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बांट–माप विभाग के अधिकारियों को अपनी कार्य पद्धति में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट– माप विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं तथा व्यापारियों को प्रचार–प्रसार के माध्यम से भी दी जाए, जिससे कि वे इसका लाभ ले सकें।

मंत्री ने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि गन्ना, धान खरीद तथा पेट्रोल पम्प में घटतौली की शिकायतें न आयें। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर अभियान चलाकर तौल केन्द्रों का सघन निरीक्षण करें तथा गन्ना खरीद में घटतौली करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि घटतौली की शिकायतें आने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मा० मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसानों और उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त तथा सही मात्रा में वस्तुएं मिले तथा किसी भी प्रकार की घटतौली करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जीरो टालरेन्स की नीति पर कार्य कर रही है। मंत्री ने बांट–माप विभाग में भवन निर्माण से संबंधित सभी आवश्यकताओं का एक विवरण बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने बैठक के दौरान विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा वर्ष 2022–23 में किये गये कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने आनलाइन सेवायें, मानक संचालन प्रक्रिया, प्रवर्तन कार्य तथा मानकीकरण आदि कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उनके द्वारा विधिक माप विज्ञान विभाग में प्रवर्तन कार्य संबंधित कार्यों की समीक्षा की गयी जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि प्रवर्तन की कार्यवाहियॉ नियमित रूप से की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। बैठक में प्रमुख सचिव बीना कुमारी मीना, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान मार्कंडेय शाही, विशेष सचिव अतुल सिंह, संयुक्त सचिव अशोक कुमार मिश्र अनुसचिव अरविन्द सिंह सहित उपनियंत्रकगण एवं सहायक नियंत्रक उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट, दोषी राजकुमार को 10 वर्ष की कैद

## 30 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद

चन्द्रमोहन शुक्ला/दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। साढ़े नौ वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजकुमार को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं दो महिलाओं शीला व गीता को दोषसिद्ध पाकर 7–7 वर्ष की कैद व 10–10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न अदा करने पर 5–5 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 27 जून 2013 को कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी पत्नी की मौत हो गई है। घर पर उसकी 16 बर्षीय नाबालिग बेटी रहती है। अकेले का फायदा उठाकर लसड़ा गांव निवासी राजकुमार अक्सर बेटी के साथ दुष्कर्म करता रहा और उसे किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दिया करता था। जिसकी वजह से बेटी 6 माह की गर्भवती हो गई। इस कार्य में शीला व गीता ने बखूबी सहयोग किया है। इस तहरीर पर राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में राजकुमार पुत्र रामचन्द्र व शीला पत्नी राजकुमार निवासी लसड़ा, थाना राबर्ट्सगंज व रायपुर थाना क्षेत्र के नगांव निवासी गीता पत्नी सीताराम के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजकुमार को 10 वर्ष की कैद एवं 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं दो महिलाओं शीला व गीता को दोषसिद्ध पाकर 7–7 वर्ष की कैद एवं 10–10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 5–5 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। उधर जेल में बितायी अवधि ा सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़ित को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत मेधा की हुयी पहचान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। ब्लाक संसाधन केन्द्र घोरावल के प्रांगण में विकासखंड घोरावल और करमा के चौदह न्यायपंचायत के बी विज्ञान प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोरावल के अधीक्षक डा.नागेन्द्र सरोज रहे।

कार्यक्रम के समन्वयक एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी ने बताया कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी में कुल सौ छात्रों ने प्रतिभाग किया।विज्ञान के कुल तीस प्रश्नों की परीक्षा आधे घण्टे का समय देकर की गयी। मूल्यांकन के पश्चात स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु मेरिट बनाकर कुल दस बच्चों का चुनाव हुआ। पू.मा.वि.ढुटेर के छात्र प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर अपना परचम लहराये। द्वितीय स्थान पर पू.मा.वि.ध्गौराकुण्ड के बच्चों ने डंका बजाया। कम्पोजिट विद्यालय कांशीराम के छात्रों ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। इन दस बच्चों को स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में विकासखण्ड घोरावल का प्रतिनिधित्व करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.नागेन्द्र सरोज ने बच्चों से विज्ञान के प्रश्न पूछकर उन्हें उत्साहित करते हुये कहा कि हमारे आस पास जो विज्ञान है ,उसे कसौटी पर कसते हुये आप सबको वैज्ञानिक बनना है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी छात्र जनपद में भी घोरावल का प्रतिनिधित्व करते हुए परचम लहरायेंगे। अतिथियों का स्वागत एआरपी अविनाश शुक्ल, ए.के.सिंह व डा.मिथिलेश द्विवेदी ने किया।कार्यक्रम के संयोजक एआरपी धर्मराज सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन व संचालन एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर ढेर सारे शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।




# बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# दीपावली में स्वदेशी वस्तुओं और मिट्टी से बने दीपक का ही उपयोग करें–हिमांशु कुमार



दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विकासखंड सूरतगंज के ग्रामसभा छेदा में दीपावली के अवसर पर परिवारों में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु जन जागरण अभियान चलाया गया जिसमें खंड प्रचारक हिमांशु कुमार ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा की इस दीपावली में स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें और मिट्टी से बने दीपक ही जलाएं जिससे दीपक बनाने वाले गरीब परिवार भी उत्साहपूर्वक दीपावली मना सकें एवम कार्यकर्ताओं द्वारा स्वदेशी अपनाओं, देश बचाओ के जयघोष के साथ चाइनीज लाइट और झालर व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया गया। वही इस कार्यक्रम में खण्ड प्रचारक हिमांशु कुमार, खण्ड संघचालक संतोष शास्त्री, घनश्याम, हरिओम, गोलू, आदेश, सुधीर, मुनिमराज, वीरेश, मल्हार, शिवविजय, हिमांशु, अवधराम, शुभम आदि लोग उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण व दिया दिशा निर्देश



मसौली/बाराबंकी। स्वास्थ्य विभाग की केंद्रीय टीम ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में कोल्ड चौन का जायजा लिया तथा वैक्सीन वितरण रजिस्टर रिकार्ड, आईएलआर, डीप फ्रीजर और कोल्ड बॉक्स का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सूरज कनेरिया के हेड आंफ डिपार्टमेंट कम्युनिटी मेडिसिन एल एल आर मेडिकल कॉलेज मेरठ की डाक्टर प्रोफेसर तनवीर ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव का निरीक्षण करते हुए वैक्सीन के रखरखाव, उपलब्ध वैक्सीन के अभिलेख, वैक्सीन के वितरण के अभिलेख, आई एल आर, डीप फ्रीजर और कोल्ड बॉक्स आदि को देखकर उक्त सम्बन्ध में जानकारी हासिल किया केंद्रीय टीम ने आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ राजीव सिंह ने टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसके पूर्व टीम के दोनों सदस्यों को सीएचसी अधीक्षक ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर सीएचसी बड़ागांव अधीक्षक डॉ संजीव कुमार, चिकित्सा अधिकारी सर्वेंद्र कुंवार सिंह, डीएमसी नितिन खन्ना, कोल्ड चेन मैनेजर मोहम्मद इस्माइल, बीएमसी सपना रस्तोगी, आई ओ पंकज कुमार, शची यादव, उमंग मेहरोत्रा सहित विभाग के लोग मौजूद थे।

# गले की खराश और खुजली से राहत दिला सकते हैं घर में तैयार ये 5 पेय



बदलते मौसम के दौरान सर्दी–खांसी और गले में खराश जैसी कई समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है। खासकर, गले में खराश और खुजली के कारण खान–पान की चीजों को निगलने में मुश्किल होती है और गले में दर्द भी होने लगता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू पेय के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका सेवन आपको इन समस्याओं से राहत दिलाने के साथ–साथ कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देने में सक्षम है।

अदरक की चाय

एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर अदरक की चाय गले की खुजली और खराश को शांत करने में सहायक है। साल 2013 के एक अध्ययन के अनुसार, गर्म पानी में ताजे अदरक का रस मिलाकर पीने से आपको कई तरह के संक्रमण समेत गले की खराश से छुटकारा मिल सकता है। लाभ के लिए गर्म पानी में कदूकस किया हुआ अदरक डालें और उबाल आने दें। अब इस चाय को छानकर उसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर सेवन करें।

हल्दी वाला दूध

दूध में हल्दी मिलाकर पीने से भी गले की खराश और खुजली से राहत मिल सकती है। दूध और हल्दी में एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–माइक्रोबियल प्रभाव पाए जाते हैं, जो गले को आराम पहुंचाने में सहायक हो सकते हैं। इसलिए जब तक आपको ये समस्याएं हो, तब तक एक गिलास हल्के गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पीएं। इससे आपको जल्द ही आराम मिलेगा।

गर्म पानी में शहद और नींबू का रस मिलाएं

शहद में मौजूद एंटी–माइक्रोबियल और एंटी–बैक्टीरियल गुण गले की समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं, जबकि गर्म पानी से गले को आराम मिलता है। वहीं, नींबू में मौजूद उच्च विटामिन–ष्ट से रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती मिलती है। ऐसे में गले की इन समस्याओं से राहत पाने के लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच शहद और आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर सेवन करें।

कैमोमाइल टी

एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–वायरल गुणों से भरपूर कैमोमाइल टी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने और गले की खराश समेत खुजली जैसी समस्याओं को तेजी से ठीक करने में मदद कर सकती है। लाभ के लिए एक गिलास गर्म पानी में एक चौथाई कप सूखे कैमोमाइल के फूल डालकर उबालें और जब पानी आधा हो जाए तो इसे छानकर कप में डालें। फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

पुदीने की चाय

एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर पुदीने की चाय गले की खराश को शांत करने के लिए अत्यधिक प्रभावी है। पुदीने की चाय की भाप लेने से बंद नाक का भी इलाज हो सकता है और आपके गले को भी काफी आराम मिल सकता है। लाभ के लिए दो कप गर्म पानी में 10–15 पुदीने की पत्तियां डालकर उबालें। कुछ सेकंड बाद इस चाय को छानकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो इस चाय में भी स्वादानुसार शहद मिला सकते हैं।

## लगातार बढ़ रही है अवनीत कौर की बोल्डनेस, बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

टीवी के बाद बॉलीवुड की ओर रुख करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. वह अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज की वजह से हमेशा लाइमलाइट में



रहती हैं. ऐसे में अवनीत इंडस्ट्री में अपनी अलग ही पहचान रखती हैं. उन्होंने मजह 20 साल की उम्र में इंडस्ट्री में वो मुकाम हासिल किया है, जिसके लिए किसी भी हस्ती को सालों–साल मेहनत करनी पड़ती है. अवनीत इन दिनों अपने बॉलीवुड में डेब्यू के लिए भी तैयार हैं. हालांकि इससे पहले वह अपने बोल्ड लुक्स के कारण सुर्खियों में रहने लगी हैं. वहीं, दूसरी ओर अवनीत सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर फैंस के साथ अपने नए लुक्स शेयर करती रहती हैं. अब फिर से अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में अवनीत को पर्पल बॉडीकॉन ड्रेस पहने देखा जा सकता है. उन्होंने इस लुक को न्यूड मेकअप और ओपन हेयर के साथ कंप्लीट किया है. इसके साथ अवनीत ने कानों में गोल्डन ईयररिंग्स पहने हुए हैं. यहां वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई अलग–अलग अदाएं दिखा रही हैं. इस लुक में अवनीत काफी हॉट लग रही हैं. अब अवनीत की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. फैंस उनके इस लुक की तारीफें करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें कई टीवी शोज और म्यूजिक वीडियोज में पहले ही देखा जा चुका है. फिलहाल काफी समय से वह अपनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं.

## फिल्म भेडिया का ट्रेलर रिलीज, इच्छाधारी भेडिया बने वरुण धवन



स्त्री की सफलता के बाद दिनेश विजान एक और चिर–परिचित हॉरर कॉमेडी लेकर तैयार हैं। उनकी फिल्म भेडिया लंबे समय से चर्चा में है। बीते दिनों ऋतिक रोशन की फिल्म विक्रम वेधा के साथ फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। टीजर दर्शकों में एक सिहरन पैदा करने में कामयाब रहा था। अब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर लोगों को डराने के साथ ही हंसाने वाला है। भेडिया 25 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन और कृति सैनन मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म में अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल भी दिखाई देंगे। अभिषेक दिनेश की स्त्री में भी कुछ इसी अंदाज में नजर आए थे। ट्रेलर में दिखाया गया है वरुण के किरदार को एक भेडिया काट लेता है। इसके बाद उनके शरीर में कुछ अजीबोगरीब बदलाव होते हैं। इन्हीं बदलावों को लेकर फिल्म में सस्पेंस और हास्य का दिलचस्प मेल बनाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग अरुणाचल प्रदेश और आसपास के जंगलों में रियल लोकेशंस पर हुई है। ट्रेलर में फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स की झलकियां भी दिख रही हैं। इस फिल्म के व्यूजवल इफेक्ट्स पर एमपीसी (मूविंग पिक्चर कंपनी) ने काम किया है। इसी कंपनी ने 1917, द जंगल बुक, द लायन किंग, हैरी पॉटर और जस्टिस लीग जैसी फिल्मों के व्यूजवल इफेक्ट्स पर काम किया है। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज और मैडॉक फिल्म्स ने मिलकर किया है। दिनेश विजान की स्त्री 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी और विजय राज ने लोगों को हंसाते–हंसाते खूब डराया था। इस साल मई में कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता मिली। बॉलीवुड में फिल्म निर्माता इस जॉनर की फिल्मों में खूब प्रयोग कर रहे हैं। नवंबर में ही रिलीज हो रही कैटरीना कैफ की फिल्म फोन भूत भी एक हॉरर कॉमेडी है। नवंबर में कई ऐसी फिल्में आ रही हैं जिसके ट्रेलर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। हाल ही में जाह्नवी कपूर की फिल्म मिली का ट्रेलर जारी हुआ है। यह फिल्म 4 नवंबर को रिलीज होगी। 4 नवंबर को ही भूत पुलिस और डबल एक्सएल भी रिलीज हो रही हैं। 11 नवंबर को अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और जैकी श्रॉफ की फिल्म ऊंचाई का दर्शकों को इंतजार है।

## तेहरान के लिए 15 रातें नहीं सोई मानुषी छिल्लर

अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने एक्शन स्टार जॉन अब्राहम के साथ



अपनी आगामी फिल्म तेहरान की लगातार 15 दिनों तक बैक टू बैक शूटिंग पूरी की। कुछ महीने पहले शुरू हुई इस फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से ग्लासगो, मुंबई और दिल्ली में की गई थी। तेहरान का तीसरा शेड्यूल सितंबर के आखिरी सप्ताह में शुरू हुआ और उन्होंने 15 दिनों की अवधि में शूटिंग की, जिसमें दिल्ली में रात की शूटिंग शामिल थी। मानुषी कहती हैं, मैं हर उस प्रोजेक्ट के साथ सीखना और आगे बढना चाहती हूं, जिसे करने का मुझे मौका मिलता है। मैं एक ऐसी अभिनेत्री बनना चाहती हूं, जो अपने शिल्प में दमदार हो और दर्शकों के दिलों और दिमाग को छूने वाली परफॉर्मेंस देने के लिए भरोसेमंद हो। तेहरान ऐसी ही एक फिल्म है।वह आगे कहती हैं, तेहरान के लिए शूटिंग करना एक समृद्ध अनुभव था। मैंने हर एक दिन कुछ नया सीखा! फिल्म के रैप–अप में, मैं केवल रातों की शूटिंग कर रही थी।अभिनेत्री ने अपने निर्देशक अरुण गोपालन और निर्माता दिनेश विजन को उनकी दृष्टि में चमकने के अवसर के लिए धन्यवाद दिया। एक्शन थ्रिलर, सच्ची घटनाओं से प्रेरित, विज्ञापन फिल्म निर्माता अरुण गोपालन की फीचर निर्देशन की शुरूआत है और दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

## दिवाली में घर की सफाई के लिए अपनाएं ये टिप्स, आसानी से निपटेगा काम



इस बार दिवाली 24 अक्टूबर को है और लोग धन की देवी मां लक्ष्मी का अपने घर में स्वागत करने के लिए साफ–सफाई करने में जुटे हुए हैं। हालांकि, घर की साफ–सफाई करना चुनौतीपूर्ण कार्यों में शामिल है, लेकिन फिर भी आप कुछ सुझावों का पालन करते हुए इस काम को आसान बना सकते हैं। आइए आज हम आपको घर की साफ–सफाई का काम आसानी से निपटाने में मदद करने वाले कुछ टिप्स बताते हैं।

अलमारी की सफाई और कपड़ें व्यवस्थित करने से शुरुआत करें

दिवाली पर अपनी अलमारी को साफ करने और कपड़ों को फिर से व्यवस्थित करने का सही समय होता है। अपने सभी कपड़े और अन्य सामान निकालकर उन्हें अलग–अलग रख दें। इसके बाद अलमारी में कपड़ों की तय लगाएं और फिर उन्हें उचित क्रम में व्यवस्थित करें। इसी तरह अलमारी के बाकि सामानों को भी सही ढंग से रखें। ऐसे कपड़े या सामान दान करें जो आप इस्तेमाल नहीं करते हैं। छत और फर्श को साफ करें: सबसे पहले अपने कमरे की छत, पंखे और लाइटों की सफाई करें और फिर फर्श की सफाई के लिए आगे बढ़ें। अपने कालीनों को वैक्यूम क्लीनर से साफ करें और फर्श को साफ करने के लिए इस पर झाड़ू लगाएं। इसके बाद सिरके और गर्म पानी के घोल से फर्श पर पोछा लगाएं, यह एक बेहतरीन कीटाणुनाशक उपाय है। साफ–सुथरा बाथरूम फर्श पाने के लिए बेकिंग सोडा या बाथरूम क्लीनर का उपयोग करें।

घर के दरवाजों और खिड़कियों को ऐसे करें साफ: अगर आप घर के खिड़की–दरवाजों को साफ करने में आप ज्यादा समय बर्बाद नही करना चाहते हैं तो इसके लिए आप एक क्लींनिंग सॉल्यूशन बना सकते हैं। क्लींनिंग सॉल्यूशन बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में तीन बड़ी चम्मच सफेद सिरका, आधा कप डिस्टिल्ड वॉटर और अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदों को अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को किसी स्प्रे बोतल में डालें और जब खिड़की–दरवाजें गंदे लगें तो इसे छिड़ककर उनकी सफाई करें।

इस तरह से करें रसोई की स्लैब और सिंक की सफाई: सिर्फ दिवाली से पहले ही नहीं, समय–समय पर रसोई की स्लैब और सिंक की सफाई पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसा न करने पर रसोई में कीटाणुओं के पनपने की संभावना रहती है। रसोई की स्लैब को अच्छे से साफ करने के लिए पानी में एक बड़ी चम्मच क्लोरीन ब्लीच मिलाएं और फिर इससे स्लैब साफ करें। सिंक को साफ रखने के लिए नींबू के रस और बेकिंग सोडा के घोल का इस्तेमाल करें।

परदें, चादर और कुशन आदि की भी सफाई करें: अपने गद्दे, तकिये और कुशन को कीटाण मुक्त करने के लिए इन्हें कुछ देर धूप में रखें। इसके बाद, साफ कुशन कवर, तकिया कवर और चादर से इन्हें कवर करें। परदें, सोफा कवर और कुशन कवर को धो लें। अपने लिविंग रूम को खूबसूरत बनाने और इसमें फ्रेशनेस जोडने के लिए कुछ इनडोर प्लांट जैसे बैम्बू, इंग्लिश आइवी या स्नेक प्लांट लगाएं। इससे आपके लिविंग रूम का नजारा शानदार दिखाई देगा।


